www.tamsasanket.com
वर्ष: 30|| अंक 45 ||अम्बेडकरनगर
बुधवार
06 मई 2026 ||पृष्ठ: 08 ||मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

# दैनिक तमसा संकेत

अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित
डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 05:25
सूर्यास्त: 06:41
अधिकतम: 33°00
न्यूनतम: 23°00



पेज 07

विशेष समाचार बंगाल विजय: संघ की... >>पेज 04 | 52 लाख लूटने वाले 2 डकैत ... >>पेज 06 | सुपरहीरो बन सिनेमाघरों...

## ममता बोलीं- हम हारे नहीं, हराया गया, चुनाव आयोग विलेन, भाजपा से मिलकर 100 सीटें लूटीं

# 'मैं इस्तीफा नहीं दूंगी'

टीएमसी सिर्फ 80 सीटें जीत सकी

ममता बोलीं-हम चुनाव आयोग के खिलाफ कदम उठाएंगे। क्या करेंगे, यह अभी नहीं बताएंगे। दूसरी बात, हमने फैसला किया है कि 5 सांसदों समेत 10 लोगों की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाई जाएगी।



**आरोप**

तमसा संकेत, एजेंसी

गुवाहाटी/ तिरुवनंतपुरम/ पुडुचेरी/चेन्नई। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को कोलकाता में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान कहा- मैं CM पद से इस्तीफा नहीं दूंगी। हम जनादेश से नहीं, साजिश से हारे हैं। इसलिए इस्तीफा देने राजभवन नहीं जाऊंगी।

ममता ने आगे कहा- चुनाव आयोग असली विलेन है। उसने भाजपा के साथ मिलकर 100 सीटें लूटीं। अब मेरे पास कोई कुर्सी नहीं है, मैं आजाद पंछी हूं। कहीं से भी चुनाव लड़ सकती हूं, सड़कों पर रहूंगी। ममता ने आरोप लगाया- भाजपा ने काउंटिंग सेंटरों पर कब्जा कर लिया था। मेरे साथ बदसलूकी की। उम्मीदवारों और कार्यकर्ताओं के साथ अत्याचार किया। पार्टी और इंडिया गठबंधन के नेता मेरे साथ हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### भाजपा ने बहुत गंदे और चालाक तरीके अपनाए

"मुख्यमंत्री ममता ने कहा- हमने 10 सदस्यों की एक फैक्ट-फाइंडिंग कमेटी बनाने का फैसला किया है, जिसमें 5 सांसद और अन्य लोग शामिल होंगे। यह टीम चुनाव के दौरान सभी प्रभावित इलाकों का दौरा करेगी।

ममता ने कहा- दुख की बात है कि इस चुनाव में मुख्य चुनाव आयुक्त लोगों के लोकतांत्रिक अधिकारों और EVM को लूटने में विलेन बन गए। हमने पूरे सिस्टम के खिलाफ लड़ाई लड़ी। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री भी इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं। SIR में 90 लाख नाम हटा दिए गए थे। जब हम कोर्ट गए, तब 32 लाख नाम वापस जोड़े गए। उन्होंने बहुत गंदे और चालाक तरीके अपनाए।

### केरलम में कांग्रेस, असम-पुडुचेरी में एनडीए तमिलनाडु में टीवीके जीती

पश्चिम बंगाल के अलावा तमिलनाडु, असम, केरलम और पुडुचेरी विधानसभा के रिजल्ट भी आ गए हैं। असम और पुडुचेरी में एनडीए ने वापसी की। बंगाल के अलावा तमिलनाडु और केरलम में सरकारें बदल गईं। तमिलनाडु में एक्टर थलपति विजय की 2 साल पुरानी पार्टी TVK ने सबसे ज्यादा सीटें लाकर चौंका दिया। 59 साल में पहली बार राज्य में ऐसी सरकार बनने जा रही है, जिसमें DMK या AIADMK नहीं होगी।

>> (शेष पेज 06 पर)

### पहले एसआईआर में नाम कटा, अब 8 हजार वोटों से जीते

पश्चिम बंगाल में कांग्रेस के मोताब शेख की जीत खास रही। चुनाव से कुछ हफ्ते पहले उनका नाम वोटर लिस्ट से तकनीकी कारणों के चलते हटा दिया गया था। उन्होंने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया, जहां मुख्य न्यायाधीश की अगुवाई वाली बेंच ने नए बने अपीलेट ट्रिब्यूनल को मामला देखने का निर्देश दिया। ट्रिब्यूनल ने पासपोर्ट समेत उनके दस्तावेज सही पाए और उन्हें वैध मतदाता घोषित कर दिया। करीब 27 लाख आवेदनों में उनका मामला सबसे पहले मंजूर हुआ।

नाम बहाल होने के बाद शेख ने फरक्का सीट से चुनाव लड़ा और BJP के सुधीर चौधरी को 8 हजार से ज्यादा वोटों से हरा दिया।



- ममता बोलीं- मैं इस्तीफा नहीं दूंगी, मैं हारी नहीं हूं। मेरे इस्तीफा देने का सवाल ही नहीं उठता। इसलिए राजभवन नहीं जाऊंगी। वे ऑफिशियली हमें हरा सकते हैं, लेकिन नैतिक रूप से हम चुनाव जीते हैं।

बंगाल चुनाव 2026

### इस्तीफा नहीं तो बर्खास्त होंगी ममता

- बंगाल की मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल 7 मई 2026 को खत्म हो रहा है।
- विधानसभा का कार्यकाल खत्म होने पर राज्यपाल विधानसभा को भंग कर सकते हैं।
- इसके बाद ममता का सीएम बने रहने का अधिकार संवैधानिक रूप से खत्म हो जाएगा।
- राज्यपाल आर एन रवि दो ऑप्शन देंगे इस्तीफा दें या विधानसभा में बहुमत साबित करें।
- सुप्रीम कोर्ट के मुताबिक, बहुमत का परीक्षण सिर्फ सदन के अंदर ही हो सकता है।
- क्योंकि टीएमसी चुनाव हार चुकी है, सीएम ममता बहुमत साबित नहीं कर पाएंगी।
- फिर ममता के पास 2 रास्ते होंगे- खुद इस्तीफा दें या राज्यपाल बर्खास्त कर देंगे।
- राज्यपाल बहुमत वाली पार्टी के नेता को सरकार बनाने के लिए आमंत्रित करेंगे।
- मौजूदा सीएम के इस्तीफे के बिना नई विधानसभा में नई सरकार के नए सीएम नियुक्त होंगे।

### संबित पात्रा बोले- ममता अराजक बयान दे रहीं, जनता सब देख रही

भाजपा सांसद संबित पात्रा ने ममता के बयान पर कहा कि ममता बनर्जी अब विधायक नहीं हैं, इसलिए वह विधानसभा नहीं जा सकतीं। संबित पात्रा ने कहा- ममता बनर्जी अराजक बयाव दे रही है। इस तरह की टिप्पणियां राजनीतिक माहौल को और खराब करती हैं। जनता सब देख रही है।

### देश की 78% आबादी और 72% भूभाग पर अब भाजपा का राज

गंगासागर से कन्याकुमारी तक पांच राज्यों के चुनावी नतीजों ने भाजपा विरोधी राजनीति के बड़े 'पॉवर सेंटर्स' को बड़ा झटका दिया है। ममता बनर्जी और एमके स्टालिन भाजपा को चुनौती देने वाले प्रमुख चेहरे थे। बंगाल (42) और तमिलनाडु (39) लोकसभा की 81 सीटें तय करते हैं। इनके ढहने से इंडिया गठबंधन पिछड़ गया। केरल में कांग्रेस की जीत उसे राहत देती है, लेकिन यह बढ़त विपक्ष में नई खींचतान शुरू करेगी। अब विपक्ष की लड़ाई सत्ता की नहीं, प्रासंगिकता बचाने की हो गई है।

### यूपी-बिहार में आंधी-बिजली से 24 घंटे में 31 मौतें

नई दिल्ली/ चंडीगढ़/ पटना। राजस्थान के उत्तर-पश्चिमी हिस्से में चक्रवात बनने से देश के बड़े हिस्से में मौसम बदल गया है। दक्षिण-पूर्व उत्तर प्रदेश से लेकर तमिलनाडु तक ट्रफ बनी हुई है, जिससे उत्तर, मध्य और दक्षिण भारत में बारिश का असर है।

दिल्ली में मंगलवार दोपहर को ओले गिरे। पिछले 24 घंटे में उत्तर प्रदेश, बिहार समेत पूर्वोत्तर के राज्यों में आंधी और तेज बारिश हुई। यूपी में आंधी-बारिश से 8 लोगों की मौत हो गई। पीलीभीत में ईंट-भट्ठे की 100 फीट ऊंची चिमनी ढह गई।

बिहार में 22 जिलों में आंधी-बारिश हुई। बिजली गिरने से 7 बच्चों समेत 23 लोगों की मौत हो गई। 2 महिलाएं झुलस गईं। आज 18 जिलों तेज बारिश का अलर्ट है।

राजस्थान में सोमवार को तापमान में 8C की गिरावट आई।

# अमेरिकी विमान कतर के एयरस्पेस से लापता

## इमरजेंसी सिग्नल देकर रडार से गायब हुआ

**दावा**

तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान/वॉशिंगटन डीसी। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव के बीच अमेरिकी वायुसेना का एक KC-135 स्ट्रैटोटैंकर विमान कतर के ऊपर इमरजेंसी सिग्नल देने के बाद लापता हो गया। KC-135 स्ट्रैटोटैंकर को 'फ्लाइंग गैस स्टेशन' कहा जाता है, क्योंकि यह हवा में अन्य सैन्य विमानों को ईंधन भरने में सक्षम है। ईरान की फॉर्स न्यूज एजेंसी के मुताबिक, विमान ने उड़ान के दौरान '7700' इमरजेंसी सिग्नल भेजा। यह सिग्नल तब दिया जाता है जब विमान में कोई गंभीर समस्या हो। हालांकि इसमें ईरान की किसी भी भूमिका की बात नहीं कही गई।



- ईरान बोला- खाड़ी देश सुरक्षा के लिए अमेरिका पर निर्भर रहना बंद करें

यह विमान UAE के अल धफरा एयर बेस से उड़ा था और फारस की खाड़ी के ऊपर उड़ रहा था। इसी दौरान कतर के पास उसका सिग्नल कुछ समय के लिए गायब हो गया।

>> (शेष पेज 06 पर)

# सुप्रीम कोर्ट में जजों की संख्या 33 से बढ़कर अब होगी 38


## कैबिनेट ने दी मंजूरी सुप्रीम कोर्ट में 92 हजार से ज्यादा मामले लंबित

**फैसला**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि फिलहाल अदालत में 33 न्यायाधीश और एक मुख्य न्यायाधीश हैं। संसद के आगामी सत्र में इस संबंध में एक विधेयक पेश किया जाएगा।

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने सुप्रीम कोर्ट के जजों को लेकर बड़ा फैसला किया है। कैबिनेट ने SC में न्यायाधीशों की कुल संख्या 33 से बढ़ाकर 38 करने की मंजूरी दे दी है। यह फैसला छह साल बाद लिया



गया है, जब 2019 में इसे 31 से बढ़ाकर 33 किया गया था। सरकार का कहना है कि इस कदम का मकसद सुप्रीम कोर्ट को और मजबूत करना व न्याय प्रक्रिया को तेज करना है। >> (शेष पेज 06 पर)

### संविधान में सुप्रीम कोर्ट की कुल संख्या तय नहीं

भारत के संविधान में सुप्रीम कोर्ट की कुल संख्या तय नहीं है। अनुच्छेद 124(1) के तहत चीफ जस्टिस के अलावा अन्य जजों की संख्या संसद तय करती है। समय-समय पर बढ़ती मुकदमों की संख्या को देखते हुए इसमें बदलाव किया जाता है। इन वृद्धियों का उद्देश्य लंबित मामलों के बोझ को कम करना है। हालांकि, कई विशेषज्ञ मानते हैं कि सिर्फ जजों की संख्या बढ़ाने से ही न्याय में देरी पूरी तरह दूर नहीं हो सकती।

**फास्ट न्यूज**

### पीआईएल अब पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन बनी :सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि पब्लिक इंटरेस्ट लिटिगेशन (जनहित याचिका) अब प्राइवेट इंटरेस्ट और पब्लिसिटी इंटरेस्ट, पैसा इंटरेस्ट लिटिगेशन और पॉलिटिकल इंटरेस्ट लिटिगेशन बन गई हैं।

चुनाव हार

### एमपी के दो सांसद साउथ में विधानसभा चुनाव हारे

भोपाल। पांच राज्यों के चुनाव परिणामों में भाजपो को पश्चिम बंगाल, असम और पुडुचेरी में बड़ी जीत मिली है। वहीं, एमपी कोटे से राज्यसभा के दो सांसदों को दक्षिण भारत के चुनावी रण में करारी हार का सामना करना पड़ा है।

केंद्र सरकार में मंत्री एल. मुरुगन को तमिलनाडु और जॉर्ज कुरियन को केरलम विधानसभा चुनाव में हार का मुंह देखना पड़ा है। मध्य प्रदेश से राज्यसभा सांसद और केंद्रीय राज्य मंत्री जॉर्ज कुरियन को भाजपा ने केरलम की कांजीरापल्ली सीट से मैदान में उतारा था। ईसाई बहुल इस इलाके में कुरियन से काफी उम्मीदें थीं।

### 'हमारे पास 21 राज्यों की पुलिस'

चंडीगढ़/नई दिल्ली। 6 सांसदों के आम आदमी पार्टी छोड़ BJP जॉइन करने के खिलाफ पंजाब CM भगवंत मान ने मंगलवार को नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से मुलाकात की। इसके बाद CM मान ने कहा कि मैंने राष्ट्रपति को बताया कि पूरी पार्टी दो तिहाई बहुमत से दूसरी पार्टी में मर्ज हो सकती है, सिर्फ एक हाउस के 6-7 लोग ऐसा कहें तो यह मनमानी नहीं चलेगी।

# महिला और चार बच्चों के हत्यारे आमिर का शव दफनाने से इनकार

## पोस्टमार्टम के बाद शव सौंपा गया, परिवार ने दूरी बनाई

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद इलाके में महिला और उसके चार बच्चों की हत्या के आरोपी 19 वर्षीय आमिर के मामले में नया घटनाक्रम सामने आया। सोमवार को पुलिस एनकाउंटर में मारे गए आमिर का पोस्टमार्टम कर शव परिजनों को सौंपा गया, लेकिन शुरुआत में परिवार ने अंतिम संस्कार से इनकार कर दिया।

परिवार का कहना था कि आमिर ने जो किया वह इंसानियत के खिलाफ था और अब उससे उनका कोई संबंध नहीं है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### पुलिस की समझाइश के बाद बदला फैसला

काफी समझाने के बाद देर रात परिवार अंतिम संस्कार के लिए तैयार हुआ। इसके बाद आमिर को गांव के कब्रिस्तान में दफनाया गया। पुलिस और स्थानीय लोगों की मौजूदगी में अंतिम संस्कार की प्रक्रिया पूरी की गई।

### इमाम और परिजनों ने भी किया अंतिम संस्कार से इनकार

घटना के बाद स्थिति और जटिल हो गई जब स्थानीय इमाम और आमिर के चाचा ताज मोहम्मद ने भी कब्र पर फातिहा पढ़ने से इनकार कर दिया। दोनों ने साफ कहा कि ऐसे अपराध के बाद वे किसी धार्मिक रस्म में शामिल नहीं होंगे।

## बंगाल चुनाव के नतीजों पर बोले सीएम योगी आदित्यनाथ

# सनातन का अपमान करने वालों का सूपड़ा साफ : योगी

- 'अब सुरक्षा, स्वच्छता, समृद्धि व मजबूत सड़कों से गोरखपुर की पहचान'

हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ, गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव परिणाम के लिए वहां की जनता का अभिनंदन करते हुए इसे जन उपेक्षा करने वाले राजनीतिक दलों के लिए बड़ा सबक बताया है. उन्होंने कहा कि जो भी जनता की उपेक्षा करेगा, विकास के पैसे पर डकैती डालेगा, गुंडों को



प्रश्रय देगा और सनातन का अपमान करेगा, उसका सूपड़ा साफ होना तय है. पश्चिम बंगाल की जनता ने ऐसा करके दिखा भी दिया है. उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मार्गदर्शन में अब पश्चिम बंगाल 'सोनार बांग्ला' बनेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

### 'कांग्रेस, सपा सरकारों के भ्रष्टाचार का स्मारक था बंद खाद कारखाना'

सीएम योगी ने कहा कि गोरखपुर का बंद खाद कारखाना कांग्रेस, सपा सरकारों के भ्रष्टाचार का स्मारक बना हुआ था. आज यह खाद कारखाना शानदार तरीके से चल रहा है. नकहा से फर्टिलाइजर फैक्टरी व स्पोर्ट्स कॉलेज जाने के लिए ओवरब्रिज बन गया है.

>> (शेष पेज 06 पर)

- विकास की गति जितनी तेज होगी, व्यक्ति, समाज और देश की समृद्धि भी उतनी ही तीव्र होगी।
- उसी समृद्धि को आगे बढ़ाते हुए आज जनपद गोरखपुर में 5 करोड़ से अधिक की लागत से मौजा जंगल बेनी माधव नं.-1 में निर्मित दो मंजिला कन्वेंशन सेंटर का लोकार्पण किया।
- इस अवसर पर 612 करोड़ से अधिक लागत की विभिन्न जन-कल्याणकारी परियोजनाओं का लोकार्पण एवं शिलान्यास किया गया।

## आरोप : लखनऊ में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए सपा प्रमुख का भाजपा पर हमला

# '2027 में होगी लोकतंत्र और संविधान बचाने की बड़ी लड़ाई'

अरमान

तमसा संकेत, लखनऊ। अखिलेश यादव ने मंगलवार को समाजवादी पार्टी मुख्यालय, विक्रमादित्य मार्ग स्थित डॉ. राममनोहर लोहिया सभागार में कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए भाजपा पर तीखा हमला बोला। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा में "नकली नेताओं का जमघट" है और उसे लोकतंत्र में जरा भी विश्वास नहीं है।

अखिलेश यादव ने कहा कि भाजपा का काम "लूट" करना है और पश्चिम बंगाल में उसने वोट की "शर्मनाक लूट" की है। उन्होंने आरोप लगाया कि भाजपा पुलिस-प्रशासन का दुरुपयोग करने में भी पीछे नहीं रहती। साथ ही कहा कि उत्तर प्रदेश में पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की काट भाजपा के पास नहीं है, इसलिए वह बौखलाई हुई है।

>> (शेष पेज 06 पर)



### 2027 चुनाव पर फोकस

सपा प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से कहा कि 2027 का विधानसभा चुनाव बेहद महत्वपूर्ण होगा। उन्होंने कहा कि यह चुनाव लोकतंत्र और संविधान को बचाने की बड़ी लड़ाई साबित होगा और इसमें समाजवादी पार्टी की अहम भूमिका रहेगी।

### महिलाओं और गरीबों के लिए वादे



अखिलेश यादव ने कहा कि सपा सरकार बनने पर गरीबों को मुफ्त इलाज की सुविधा दी जाएगी। बुनकरों के लिए स्पेशल जोन बनाए जाएंगे। उन्होंने यह भी दोहराया कि समाजवादी पार्टी महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण देने के पक्ष में है और आधी आबादी को पूरा सम्मान व भागीदारी मिलनी चाहिए।

"सपा प्रमुख ने कहा कि महिलाओं का आरक्षण पार्टी आधारित होना चाहिए और पहले जातीय जनगणना कराई जानी चाहिए, ताकि आबादी के अनुपात में आरक्षण लागू हो सके। उन्होंने भाजपा पर आरोप लगाया कि वह पिछड़ी, दलित और अल्पसंख्यक महिलाओं को आरक्षण देने के पक्ष में नहीं है।

# शिमला में तेज बारिश, मंडी कुफरी में भारी ओलावृष्टि

## 10 जिलों में आंधी-तूफान का अलर्ट

**अलर्ट**

तमसा संकेत, एजेंसी

शिमला । हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में दोपहर बाद तेज बारिश हुई। शिमला के कुफरी, फागू व महासू पीक समेत मंडी और सिरमौर जिला के कई क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि हुई। इसके बाद जमीन पर ओलों के मोटी परत बिछ गई। कुफरी-महासू में निरंतर चार दिन से भारी ओलावृष्टि हो रही है। इससे सेब की फसल पूरी तरह तबाह हो चुकी है। वहीं, राज्य के अन्य भागों में सुबह से ही आसमान में बादल छाए हुए हैं। मौसम विभाग (IMD) ने आज किन्नौर और लाहौल स्पीति को छोड़कर अन्य सभी जिलों में आंधी-तूफान के साथ आसमानी बिजली गिरने की चेतावनी जारी की है। कल भी चंबा, कांगड़ा, कुल्लू और मंडी जिला में यलो अलर्ट जारी किया गया है।



- धर्मशाला में 30.6एमएम बारिश, कल्पा का तापमान 2.6डिग्री सेल्सियस तक लुढ़का

>> (शेष पेज 06 पर)

## योगी सरकार ने प्रीपेड सिस्टम खत्म किया, पुराने मीटरों को प्रीपेड करने पर भी रोक

# स्मार्ट मीटर का बिल अब पोस्टपेड की तरह आएगा

**निर्णय**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। यूपी में स्मार्ट प्रीपेड मीटर को लेकर बढ़ते आक्रोश और विवाद के बीच योगी सरकार ने 70 लाख बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत दी है। प्रदेश में प्रीपेड सिस्टम खत्म कर दिया गया है। अब सभी स्मार्ट मीटर पोस्टपेड मीटर की तरह काम करेंगे। यानी प्रीपेड सिस्टम (पहले रिचार्ज) की व्यवस्था खत्म की जा रही है।

उपभोक्ताओं को फिर से हर महीने का बिल मिलेगा। बकाया किस्तों में जमा करने की सुविधा भी दी जाएगी। ऊर्जा मंत्री ने निर्देश दिए हैं कि किसी भी स्थिति में एक महीने के भीतर बिजली न काटी जाए और शिकायतों का प्राथमिकता पर निस्तारण हो। ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने कहा,उपभोक्ता देवो भवः। तकनीकी दिक्कतों और उपभोक्ताओं की शिकायतों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

प्रदेश में स्मार्ट मीटर का कई महीनों से विरोध हो रहा है। 25 अप्रैल को ऊर्जा मंत्री ने कहा था कि 1 किलोवाट तक के कनेक्शन पर 30 दिन तक और 2 किलोवाट पर 200 रुपए माइनस होने पर भी बिजली नहीं काटी जाएगी। इसके बाद भी लोगों का गुस्सा शांत नहीं हुआ। रविवार को आगरा, फिरोजाबाद, फतेहपुर समेत कई शहरों में महिलाएं सड़कों पर उतर आईं। उन्होंने घरों से मीटर उखाड़कर बिजली विभाग के दफ्तरों में फेंक दिए। सपा और आम आदमी पार्टी ने भी प्रदर्शन किए। सोमवार को शक्ति भवन में बिजली विभाग के अधिकारियों के साथ ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने अहम बैठक की। प्रदेश में हो रहे प्रदर्शनों को लेकर अधिकारियों से चर्चा की। स्मार्ट/प्री-पेड मीटर से हो रही परेशानी को देखते हुए मंत्री शर्मा ने कहा मैंने पहले भी कहा था कि उपभोक्ता को परेशान नहीं होना पड़ेगा। प्रदेश में अब सभी स्मार्ट मीटर सामान्य पोस्ट-पेड मीटर की तरह कार्य करेंगे। प्री-पेड नाम की व्यवस्था पूरी तरह समाप्त कर दी गई है।



ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने सोमवार की शाम बिजली विभाग के अफसरों के साथ बैठक की।

### क्यों सरकार को प्रीपेड सिस्टम खत्म करना पड़ा?

बिजली उपभोक्ताओं का कहना है कि स्मार्ट मीटर बहुत तेज चलता है। इससे कम इस्तेमाल करने पर भी ज्यादा बिल आ रहा है। यहां तक की कई बार बिना इस्तेमाल के भी बैलेंस कम हो जाता है। बैलेंस माइनस में जाते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। रिचार्ज के बाद भी कई बार सप्लाई तुरंत बहाल नहीं होती।

रविवार को आगरा, प्रयागराज, कानपुर, लखनऊ, फतेहपुर और वाराणसी में स्मार्ट मीटर को लेकर प्रदर्शन हुए। फतेहपुर में बिजली उपभोक्ताओं ने स्मार्टर उखाड़कर पावर हाउस में फेंक दिए।




वाराणसी में स्मार्ट मीटर को लेकर आम आदमी पार्टी ने प्रदर्शन किया।

### लखनऊ में पुलिस से झड़प, घसीटकर ले गई

लखनऊ में AAP पार्टी ने जोरदार प्रदर्शन किया। आप कार्यकर्ता हाथों में पोस्टर और तख्ती लेकर शक्ति भवन पहुंचे। भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी करते हुए विधानसभा की ओर बढ़ने लगे। प्रदर्शनकारियों को पुलिस ने श्रीराम टावर के पास रोक लिया।

प्रदर्शनकारी आगे बढ़ने की जिद पर अड़ गए। इस पर उनकी पुलिस से तीखी नोकझोंक हुई। पुलिस ने उन्हें हिरासत में लिया। घसीटते हुए गाड़ी में बैठाकर ईको गार्डन ले गई। प्रदर्शन में शामिल प्रतिपाल सिंह ने पगड़ी नोच कर अपमानित करने का आरोप लगाया है।



लखनऊ में आम आदमी पार्टी कार्यकर्ताओं को घसीटकर पुलिस ले गई।

### वाराणसी में आप प्रवक्ता बोले- हम विरोध करते रहेंगे

वाराणसी के चौकाघाट विद्युत उपकेंद्र पर आम आदमी पार्टी ने स्मार्ट मीटर के खिलाफ प्रदर्शन किया था। प्रवक्ता मुकेश सिंह ने कहा था कि - स्मार्ट मीटर से आम जनता को परेशान किया जा रहा है। हम इसका हर हाल में विरोध करते रहेंगे। क्योंकि इसका बिल मनमाने तरीके से लिया जा रहा है। सरकार इसे तत्काल बंद करे, क्योंकि ये स्मार्ट तरीके से लोगों से चीटिंग कर रहा है।

**फास्ट न्यूज**

### एलयू में फीस बढ़ने पर आप कार्यकर्ताओं ने मांगी भीख

लखनऊ। आम आदमी पार्टी की छात्र विंग ने लखनऊ विश्वविद्यालय में फीस बढ़ोत्तरी को लेकर नाराजगी जताई। आप पार्टी के कार्यकर्ताओं ने शिक्षा निदेशालय के सामने भीख मांग कर विरोध प्रदर्शन किया। कटोरा लेकर भीख मांग रहे प्रदर्शनकारी और पुलिस के बीच जमकर नोकझोंक हुई। पुलिस ने सभी प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेकर इको गार्डन भेजा।

### एयरपोर्ट पर 12 करोड़ का गांजा जब्त

सरोजनी नगर, लखनऊ। लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतर-राष्ट्रीय एयरपोर्ट पर सोमवार रात राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) की टीम ने बड़ी कार्रवाई की। टीम ने एक यात्री के पास से लगभग 12 करोड़ रुपये की 12 किलोग्राम हाइड्रोपोनिक वीड (गांजा) बरामद की। एयरपोर्ट सूत्रों के अनुसार, डीआरआई को सोमवार को खुफिया जानकारी मिली थी। इसमें बताया गया था कि बैंकॉक से रात 10:35 बजे लखनऊ पहुंचने वाली एयर एशिया की फ्लाइट (एफडी-146) से एक यात्री भारी मात्रा में मादक पदार्थ ला रहा है। सूचना मिलते ही डीआरआई की टीम एयरपोर्ट पर अलर्ट हो गई।

### मां-बेटे पर फायरिंग करने वाला गिरफ्तार

लखनऊ। लखनऊ के चिनहट इलाके में मां-बेटे पर फायरिंग के मामले में पुलिस ने मुख्य आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी गर्लफ्रेंड के बुलाने पर युवक को मारने आए थे, तभी बीच बचाव करने आई उसकी मां पर फायरिंग कर दी। इंस्पेक्टर चिनहट दिनेश चंद मिश्रा ने बताया हंस विहार कॉलोनी चिनहट निवासी आदित्य सिंह (21) का सोमवार रात बिल्डिंग में रहने वाली दिव्या से विवाद हो गया।

## महिला आरक्षण और प्रीपेड मीटर मुद्दे पर अखिलेश का भाजपा पर निशाना

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। अखिलेश यादव ने मंगलवार को महिला आरक्षण और प्रीपेड बिजली मीटर के मुद्दे पर भाजपा सरकार को घेरा। उन्होंने कहा कि पीडीए (पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक) की मांग है कि संसद से पारित महिला आरक्षण को 2027 के उत्तर प्रदेश विधानसभा चुनाव में लागू करने की घोषणा सरकार तत्काल करे।

अखिलेश यादव ने कहा कि यदि भाजपा सरकार महिला आरक्षण लागू करने की घोषणा नहीं करती है तो यह स्पष्ट हो जाएगा कि "पुरुष-वादी सोच" के चलते भाजपा और उसके सहयोगी महिलाओं को आरक्षण देने के खिलाफ हैं।

उन्होंने चेतावनी दी कि जब तक इस पर स्पष्ट निर्णय नहीं लिया जाता, समाजवादी पार्टी इस मुद्दे को हर सप्ताह उठाती रहेगी।

सपा प्रमुख ने पश्चिम बंगाल के चुनावी परिणामों पर भी टिप्पणी करते हुए कहा कि यदि परिणाम "मनमर्जी" से निकाले गए हैं, तो मुख्यमंत्री का चयन भी उसी परंपरा के अनुसार होगा।



**सपा प्रमुख बोले- 2027 चुनाव से पहले महिला आरक्षण लागू करे सरकार, प्रीपेड मीटर व्यवस्था पर भी जताया विरोध**

प्रीपेड मीटर व्यवस्था पर विरोध

अखिलेश यादव ने प्रीपेड बिजली मीटर को "भ्रष्टाचार से जुड़ी व्यवस्था" बताते हुए कहा कि जनता के विरोध के कारण सरकार को झुकना पड़ा है। इसे उन्होंने "जनशक्ति की जीत" बताया।

## लोकतंत्र को मजबूत बनाने में समिति प्रणाली की निर्णायक भूमिका : सतीश महाना

# जनहित और जवाबदेही का सेतु हैं विधानसभा समितियां : महाना

**तमसा संकेत, संवाददाता**

लखनऊ/जयपुर । उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने कहा कि संविधान में विधानसभा समितियों को अत्यंत महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है और यही समितियां लोकतांत्रिक व्यवस्था को प्रभावी तथा उत्तरदायी बनाती हैं। उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा किए गए वायदों को धरातल पर उतारने में समिति प्रणाली की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। महाना राजस्थान की राजधानी जयपुर स्थित कॉन्स्टिट्यूशन क्लब में आयोजित लोकसभा द्वारा गठित पीठासीन अधिकारियों की समिति की द्वितीय बैठक में अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। महाना ने कहा कि अधिकारियों की समितियों के प्रति जवाबदेही सुनिश्चित होना ही सुशासन की वास्तविक कसौटी है। उन्होंने कहा कि वर्तमान समय में संसदीय कार्यप्रणाली को अधिक प्रभावी, पारदर्शी और जनोन्मुखी बनाने की आवश्यकता है।





- महाना ने कहा कि समिति प्रणाली को और अधिक सशक्त बनाने के लिए विशेषज्ञों की भागीदारी, आधुनिक तकनीक का उपयोग, नियमित प्रशिक्षण तथा पारदर्शिता को बढ़ावा देना आवश्यक है। इससे लोकतांत्रिक संस्थाएं और अधिक मजबूत, उत्तरदायी और जनकेन्द्रित बनेंगी।
- बैठक में समिति प्रणाली की समीक्षा, उसकी प्रभावशीलता बढ़ाने तथा संसदीय प्रक्रियाओं को अधिक पारदर्शी बनाने पर गहन विचार-विमर्श किया गया।

### समिति प्रणाली लोकतंत्र में 'मिनी सदन' के रूप में कार्यरत

महाना ने कहा कि समिति प्रणाली लोकतंत्र में "मिनी सदन" के रूप में कार्य करती है, जहां विषयों पर विस्तृत चर्चा और सूक्ष्म परीक्षण संभव होता है। इससे न केवल सदन का समय बचता है, बल्कि निर्णय अधिक व्यावहारिक और जनहितकारी बनते हैं। उन्होंने सुझाव दिया कि महत्वपूर्ण विधेयकों को अनिवार्य रूप से समितियों के पास भेजा जाना चाहिए, ताकि उनकी गहन समीक्षा सुनिश्चित हो सके। उन्होंने कहा कि समितियां अधिकारियों की कार्यप्रणाली पर सतत निगरानी रखती हैं, उसे आवश्यक सहयोग प्रदान करती हैं और शासन-प्रशासन को जवाबदेह बनाए रखने का कार्य करती हैं।

## सांस्कृतिक एवं धार्मिक धरोहरों को नया स्वरूप देकर पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु हरसंभव प्रयास : जयवीर सिंह

# 24 परियोजनाओं के लिए 3391 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। आगरा मण्डल के अधीन फिरोजाबाद जनपद के लिए वित्तीय वर्ष 2025-26 में पर्यटन विभाग द्वारा फिरोजाबाद की विभिन्न विधानसभाओं में स्थित धार्मिक, ऐतिहासिक एवं पौराणिक स्थलों के पर्यटन विकास हेतु 24 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी है। इन परियोजनाओं को क्रियान्वित करने के लिए 3391 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। परियोजना संबंधी कार्यों को पूरा करने के लिए यूपीपीसीएल कार्यदायी संस्था को जिम्मेदारी सौंपी गयी है। कार्यदायी संस्था को निर्देश दिये गये हैं कि परियोजना के समस्त कार्यों को गुणवत्तापूर्वक निर्धारित समय में पूरा करें। यह जानकारी प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री श्री जयवीर सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि टुण्डला में स्थित गोगा जी काली मंदिर पिपरौली के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रूपये, फिरोजाबाद पसीने वाले हनुमान जी मंदिर के लिए 65 लाख रूपये, शिकोहाबाद के नगला केवल स्थित श्री ब्रहमदेव शिव जी तथा बजरंगबली मंदिर के लिए 120 लाख रूपये, शिकोहाबाद के ही विधानसभा क्षेत्र में स्थित आबगंगा मंदिर के विकास के लिए 35 लाख रूपये, टुण्डला ग्रामगढ़ी हंसराम ब्लाक नारखी में स्थित शिवमंदिर के पर्यटन विकास के लिए 60 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है। पर्यटन मंत्री ने बताया कि टुण्डला विधानसभा क्षेत्र में शिव मंदिर के पर्यटन विकास कार्य हेतु 80 लाख रूपये, टुण्डला में ही ग्राम बड़ागांव में स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर के लिए 01 करोड़ रूपये, टुण्डला ग्राम कनवार स्थित सिद्धकाली माता मंदिर के लिए 130 लाख रूपये, सिरसागंज स्थित प्राचीन पथवारी माता मंदिर के लिए 110 लाख रूपये, सिरसागंज के ही कुदरिया वाले महराज आश्रम के लिए 01 करोड़ रूपये, सिरसागंज में हनुमान मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 130 लाख रूपये, सिरसागंज में ग्राम जायनई माता मंदिर के लिए 130 लाख रूपये तथा सिरसागंज के ही रामकृष्ण धाम मंदिर (गंगा सागर गरियारी) के पर्यटन विकास के लिए 70 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।



**जयवीर सिंह ने बताया कि मा0 मुख्यमंत्री जी के मार्गदर्शन एवं प्रधानमंत्री जी की प्रेरणा से उ0प्र0 के समस्त जनपदों में स्थित प्राचीन मंदिरों का कायाकल्प करने के साथ ही श्रद्धालुओं के लिए अवस्थापना सुविधाएं उपलब्ध करायी जा रही हैं। इसके साथ ही प्राचीन सांस्कृतिक एवं धार्मिक विरासत को संरक्षित किया जा रहा है।**

### ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 35 लाख रूपये स्वीकृत

जयवीर सिंह ने बताया कि टुण्डला विकासखण्ड फिरोजाबाद के ग्राम अकबरपुर में ग्रामीण पर्यटन विकास के लिए 35 लाख रूपये, जसराना बड़े जखैया महराज मंदिर के पर्यटन विकास के लिए 188 लाख रूपये, सिरसागंज के समौर बाबा धाम करहरा हेतु अवस्थापना सुविधाएं एवं अन्य कार्य के लिए 1188 लाख रूपये, शिकोहाबाद में स्थित शिववाटिका मंदिर में बहुउद्देशीय अवस्थापना सुविधाओं के सृजन के लिए 118 लाख रूपये तथा सिरसागंज जनपद फिरोजाबाद के अंतर्गत रपड़ी ईको टूरिज्म क्षेत्र में पर्यटकों की सुविधा के लिए प्रकाश व्यवस्था, सुलभ शौचालय आदि के लिए 162 लाख रूपये की धनराशि स्वीकृत की गयी है।

# लूटपाट करने वाले किन्नर गिरोह का हुआ खुलासा

## पुलिस ने 100 से ज्यादा सीसीटीवी खंगाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ। बिजनौर थाना क्षेत्र में सोमवार सुबह टहलने निकली एक महिला से हुई लूट की घटना का पुलिस ने खुलासा किया है। पुलिस ने किन्नर गिरोह के 3 सदस्यों को गिरफ्तार कर लूटा गया मंगलसूत्र, कान की बालियां और घटना में प्रयोग की गई वैगनआर कार बरामद की है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है। पुलिस के अनुसार, बिजनौर की आनंद विहार कॉलोनी निवासी विभा यादव ने सोमवार शाम रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उन्होंने बताया कि सुबह करीब 6 बजे टहलकर घर लौटते समय जायसवाल बर्तन भंडार के पास एक वैगनआर कार रुकी।

उसमें से किन्नर वेश में उतरी एक महिला ने उनसे शादी के बारे में पूछा और 100 रुपये मांगे। विभा ने पैसे न होने की बात कही तो आरोपी ने झपट्टा मारकर उनके गले से मंगलसूत्र और कानों की बालियां लूट लीं। इसके बाद आरोपी अपने साथियों के साथ कार से फरार हो गई। पीड़िता की शिकायत पर बिजनौर थाने में रिपोर्ट दर्ज हुई। घटना के खुलाससे के लिए पुलिस उपायुक्त दक्षिणी के निर्देशन में टीमें गठित की गईं। पुलिस ने 100 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले। फुटेज के आधार पर पहचान कर पुलिस ने मंगलवार को बिजनौर स्थित अलीनगर खुर्द अंडरपास के पास से तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।



**आरोप : 2 घंटे तक पड़ा रहा, किराया न देने पर नाराज थे, पुलिस ने झड़प के बाद किया लाठी चार्ज**

# सफाईकर्मियों ने कांग्रेस नेता के घर के बाहर डाला कूड़ा

**तमसा संकेत, एजेंसी**

मुजफ्फरनगर । मुजफ्फरनगर में नगर पालिका कर्मचारियों ने कांग्रेस नेता जमील अंसारी के घर के बाहर कूड़ा गिरा दिया। 3 ट्रालियों में भरकर कूड़ा लाया गया और उनके घर के बाहर ढेर कर दिया गया। सफाई कर्मचारियों ने कांग्रेस नेता के खिलाफ नारेबाजी भी की और विरोध प्रदर्शन किया।

दुकाकांग्रेस नेता के घर के बाहर करीब 2 घंटे तक कूड़ा पड़ा रहा। कूड़ा न हटाने पर जमील अंसारी ने फोन कर पुलिस को सूचना दी। पुलिस कर्मियों के पहुंचने पर नगर पालिका कर्मचारियों की उनसे झड़प हो गई। बता दें, चेयरमेन का चुनाव लड़ चुके जमील अंसारी पर दुकानों का किराया न देने का आरोप है। नगर पालिका की जीटी रोड स्थित पालिका मार्केट की चार दुकानें जमील अंसारी के नाम अलॉट हैं। जिनका करीब चार लाख रुपये किराया बकाया है। कई बार नोटिस देने के बावजूद भुगतान नहीं किया गया।

वहीं नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर वाल्मीकि को हिरासत में लेने के विरोध में सफाई कर्मचारी संघ ने हड़ताल का ऐलान कर दिया। बड़ी संख्या में कर्मचारियों ने नगर पालिका परिसर में इकट्ठा होकर काम बंद कर दिया। सफाई कर्मचारी संघ का आरोप है कि जमील अंसारी ने अधिशासी अधिकारी के साथ अभद्रता और गाली-गलौज की। जिससे कर्मचारियों में गुस्सा है।





पुलिस ने कर्मचारियों को हिरासत में लिया।

### कांग्रेस नेता पर गाली-गलौज करने का आरोप

आरोप है कि सोमवार सुबह जब नगर पालिका के कर्मचारी जमील अंसारी को नोटिस देने पहुंचे तो उन्होंने सबके साथ गाली-गलौज और अभद्रता की। साथ ही क्षेत्र में सफाई न होने की शिकायत भी कर दी। इसी बात पर कांग्रेस नेता और नगर पालिका कर्मचारियों के बीच विवाद हो गया। जिसके बाद नाराज नगर पालिका कर्मचारियों ने उनके घर के बाहर कूड़े का ढेर लगा दिया।

### पुलिस ने समझाने के बाद चलाई लाठी

करीब 50 नगर पालिका कर्मचारी पुलिस कर्मियों से भिड़ गए। पुलिस ने पहले सभी को समझाने का प्रयास किया लेकिन मामला बिगड़ने पर पुलिस ने लाठी चार्ज करके सभी को खदेड़ा। पुलिस ने नगर पालिका सफाई कर्मचारी संघ के अध्यक्ष सुधीर वाल्मीकि समेत कुछ कर्मचारियों को हिरासत में भी ले लिया। ये मामला मंगलवार दोपहर का है। कांग्रेस नेता का घर खतौली नगर पालिका में है।

# लखनऊ मेदांता से 4 दिन बाद अजय राय डिस्चार्ज

## पत्नी-बेटी के साथ घर गए, डॉक्टरों ने आराम करने की सलाह दी

**तमसा संकेत, एजेंसी**

लखनऊ । उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष अजय राय को मंगलवार को मेदांता अस्पताल से छुट्टी दे दी। मंगलवार सुबह डॉक्टरों के राउंड के बाद उन्हें हॉस्पिटल से डिस्चार्ज करने की अनुमति दी गई थी। डॉक्टरों ने अगले कुछ दिनों के लिए उन्हें आराम करने की सलाह दी हैं। फिलहाल उनकी हालत स्थिर बताई जा रही है। इससे पहले 1 मई की शाम अचानक बेचैनी और घबराहट के बाद बेहोश होने पर उन्हें मेदांता में भर्ती कराया गया था। शुरुआती हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें इमरजेंसी में भर्ती कर ICU में निगरानी में रखा था। अजय राय की अचानक तबीयत बिगड़ने के बाद वाराणसी से लेकर दिल्ली तक इसकी चर्चा रही।

मेदांता में भर्ती होने के अगले ही दिन पीएम मोदी और राहुल गांधी ने सोशल मीडिया पर पोस्ट कर जल्द स्वास्थ्य सुधार की कामना की थी।

डॉक्टरों की टीम ने लगातार उनकी स्वास्थ्य स्थिति पर नजर रखी और आवश्यक जांचें कराईं। उनकी कंडीशन को देखते हुए उन्हें ICU में रखा गया था। मेदांता के ICU इंचार्ज और सीनियर डॉक्टर डॉ.दिलीप दुबे की निगरानी में उनका इलाज शुरू किया गया। चार दिनों तक चले उपचार और निगरानी के बाद उनकी सेहत में सुधार हुआ। डॉक्टरों ने बताया कि अब उनकी हालत पूरी तरह स्थिर है। और जरूरी चिकित्सकीय मानकों पर सुधार मिलने के बाद उन्हें डिस्चार्ज करने का निर्णय लिया गया है।



# शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय का लाभ

## लोहिया भवन में हुआ जिला स्तरीय कार्यक्रम, सजीव प्रसारण के साथ आयोजन

**समारोह**

बृजेंद्र वीर सिंह

तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । मंगलवार को लोहिया भवन सभागार, अकबरपुर में शिक्षामित्र सम्मान समारोह का जिला स्तरीय आयोजन हुआ। कार्यक्रम सुबह 11 बजे शुरू हुआ, जिसमें मुख्यमंत्री के कार्यक्रम का सजीव प्रसारण भी दिखाया गया। बड़ी संख्या में शिक्षामित्र, जनप्रतिनिधि और अधिकारी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों की मौजूदगी में शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए।

जिलाधिकारी ईशा प्रिया ने शिक्षामित्रों को बधाई देते हुए कहा कि यह निर्णय उनके कार्य को नई ऊर्जा देगा। उन्होंने शिक्षामित्रों से 'स्कूल चलो अभियान' को सफल बनाने में सक्रिय भूमिका निभाने को कहा। उन्होंने कहा कि यह सुनिश्चित किया जाए कि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे। साथ ही शिक्षण पद्धति में सुधार और लर्निंग आउटकम को बेहतर बनाने पर भी ध्यान देने की जरूरत है।

राज्य सरकार के निर्णय से पूरे प्रदेश के 1 लाख 43 हजार शिक्षामित्र लाभान्वित हुए हैं। इनमें अंबेडकरनगर जनपद के 1911 शिक्षामित्र शामिल हैं। बढ़े हुए मानदेय से शिक्षामित्रों में उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम में जिला विकास अधिकारी, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सहित अन्य अधिकारी भी मौजूद रहे।



> मुख्य विकास अधिकारी आनंद कुमार शुक्ला ने कहा कि किसी भी देश के विकास में शिक्षा की अहम भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि मजबूत शिक्षा व्यवस्था ही तेज विकास का आधार है। शिक्षामित्र इस व्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा हैं।

**अंबेडकरनगर के 1911 शिक्षामित्र हुए लाभान्वित**

### विधान परिषद सदस्य और विधायक ने की सराहना

विधान परिषद सदस्य हरिओम पाण्डेय और कटेहरी विधायक धर्मराज निषाद ने कहा कि सरकार शिक्षा क्षेत्र में लगातार सुधार के फैसले ले रही है। मानदेय वृद्धि से शिक्षामित्रों का मनोबल बढ़ेगा और वे और बेहतर तरीके से कार्य कर सकेंगे। दोनों जनप्रतिनिधियों ने कहा कि शिक्षा व्यवस्था को मजबूत करने में शिक्षामित्रों की भूमिका अहम है और सरकार का यह कदम सकारात्मक परिणाम देगा।

### मानदेय 10 हजार से बढ़कर 18 हजार रुपये

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मत्स्य विभाग मंत्री संजय कुमार निषाद रहे। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्रों का मानदेय 10,000 रुपये से बढ़ाकर 18,000 रुपये करना सरकार का महत्वपूर्ण निर्णय है। उन्होंने कहा कि शिक्षामित्र प्राथमिक शिक्षा व्यवस्था की मजबूत कड़ी हैं और उनका योगदान सीधे शिक्षा की गुणवत्ता से जुड़ा है।

उन्होंने कहा कि यह निर्णय शिक्षामित्रों के सामाजिक और आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में बड़ा कदम है।

# स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 पर डीएम का सख्त रुख हर मानक पर फोकस

## रैंकिंग सुधारने के लिए तय समय में काम पूरा करने के निर्देश

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । स्वच्छ सर्वेक्षण 2026 को लेकर तैयारियां तेज कर दी गई हैं। कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ईशा प्रिया की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक हुई। बैठक में सभी नगर निकायों के कार्यों का बिंदुवार आकलन किया गया। जिलाधिकारी ने स्पष्ट कहा कि इस बार सभी निकाय शत-प्रतिशत लक्ष्य हासिल करें। किसी भी स्तर पर ढिलाई न बरती जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि हर इंडिकेटर पर ठोस काम दिखना चाहिए।

बैठक में डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण और स्रोत पर कचरा पृथक्करण को सबसे अहम बताया गया। गीले और सूखे कचरे के निस्तारण, सैनिटरी वेस्ट प्रबंधन और घरेलू खतरनाक कचरा कलेक्शन सेंटर को प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए। डीएम ने कहा कि आरआरआर सेंटर और वेस्ट टू वंडर पार्क जैसे नवाचारों पर तेजी से काम किया जाए। स्वच्छता लक्षित इकाइयों में सुधार लाने के लिए नियमित मॉनिटरिंग जरूरी है।

जनजागरूकता के लिए आईईसी गतिविधियों को बढ़ाने पर भी जोर दिया गया। उन्होंने कहा कि स्वच्छ सर्वेक्षण को जन अभियान बनाना होगा। इसमें आम लोगों की भागीदारी बढ़ाना जरूरी है।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को चेतावनी दी कि कार्यों की नियमित समीक्षा होगी।



- निर्माण एवं विध्वंस कचरा प्रबंधन, फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट और बाजारों में रात्रिकालीन सफाई पर भी विशेष जोर दिया गया। जलाशयों की सफाई, ट्विन बिन्स की उपलब्धता और साइनेज व्यवस्था को मजबूत करने के निर्देश दिए गए।

**फास्ट न्यूज**

### शिक्षामित्रों को बढ़े मानदेय के चेक बांटे गए

बाराबंकी । बाराबंकी के जीआईसी ऑडिटोरियम में परिषदीय विद्यालयों के शिक्षामित्रों के सम्मान में एक समारोह आयोजित किया गया। इसमें राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चंद्र शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कार्यक्रम में शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय के प्रतीकात्मक चेक वितरित किए गए। शिक्षामित्रों का मानदेय 10 हजार रुपए से बढ़ाकर 18 हजार रुपए किया गया है। इस बढ़ोतरी के बाद उन्हें 18 हजार रुपए के प्रतीकात्मक चेक दिए गए, जिससे उनका उत्साहवर्धन हुआ।

### गुमशुदा महिलाएं और बच्चे गुरुग्राम से सकुशल बरामद

अम्बेडकरनगर । जिले में गुमशुदाओं की तलाश के लिए चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत कोतवाली अकबरपुर पुलिस को बड़ी सफलता मिली। 29 अप्रैल को एक व्यक्ति ने महिलाओं और उनके साथ गए बच्चों के लापता होने की सूचना दर्ज कराई थी। मामले की जांच उपनिरीक्षक ब्रह्मप्रकाश श्रीवास्तव को सौंपी गई। इसमें गुमशुदाओं की लोकेशन गुरुग्राम, हरियाणा में मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तुरंत वहां पहुंची और सेक्टर-48 स्थित सेंट्रल पार्क से सभी को सकुशल बरामद कर लिया।

### पुरानी रंजिश में महिला का घर तोड़ा, सामान में तोड़फोड़

अम्बेडकरनगर । जिले के थाना राजेसुल्तानपुर क्षेत्र में पुरानी रंजिश को लेकर एक महिला के घर को नुकसान पहुंचाने का मामला सामने आया है। ग्राम पंचायत सराय हंकार निवासी इंद्रावती पत्नी सुक्खू मांझी ने पुलिस से शिकायत कर कार्रवाई की मांग की है।जानकारी के अनुसार, 4 मई 2026 को दोपहर करीब 12 बजे इंद्रावती घर पर मौजूद नहीं थीं।

# जैतपुर थाना परिसर में फरियादियों के लिए टीनशेड का उद्घाटन

## एसडीएम ने किया लोकार्पण, जनसुविधा में बढ़ोतरी



तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जैतपुर थाना परिसर में फरियादियों की सुविधा के लिए बनाए गए टीनशेड का मंगलवार को उद्घाटन किया गया। कुछ दिन पहले शुरू हुआ यह निर्माण कार्य सामाजिक सहयोग से पूरा किया गया।

उद्घाटन एसडीएम राहुल गुप्ता ने फीता काटकर किया। इस मौके पर सीओ अनूप कुमार सिंह और थाना अध्यक्ष थिरेंद्र कुमार आजाद मौजूद रहे। थाना परिसर में आने वाले लोगों को अब बैठने और प्रतीक्षा करने के लिए बेहतर सुविधा मिल सकेगी। पहले खुले में खड़े रहने की समस्या होती थी। टीनशेड बनने से विशेष रूप से बुजुर्गों और महिलाओं को राहत मिलेगी।

टीनशेड का निर्माण सामाजिक सहयोग से कराया गया। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने इसे जनहित में महत्वपूर्ण कदम बताया और सहयोग की सराहना की।

इस अवसर पर सीएमएस आई विंग अस्पताल के निदेशक वशिष्ठ नारायण सिंह, अरविंद कुमार सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सौरभ कुमार सिंह सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# फसल बीमा क्षतिपूर्ति वितरण 10 किसानों को मिला लाभ

## मौसम आधारित फसल बीमा योजना के तहत कार्यक्रम आयोजित

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । कृषि विभाग की ओर से 4 मई 2026 को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत क्षतिपूर्ति वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह आयोजन राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र (NIC) सभागार में हुआ। कार्यक्रम में खरीफ 2025 और रबी 2025-26 सीजन के तहत बीमित किसानों को भुगतान किया गया।

कार्यक्रम में विधान परिषद सदस्य हरिओम पाण्डेय, विधायक कटेहरी धर्मराज निषाद, जिला पंचायत अध्यक्ष श्यामसुन्दर वर्मा और जिलाधिकारी मौजूद रहे। सभी की उपस्थिति में किसानों को चेक के माध्यम से क्षतिपूर्ति दी गई।

हरिओम पाण्डेय ने कहा कि फसल बीमा योजना किसानों के लिए सुरक्षा कवच की तरह काम कर रही है। प्राकृतिक आपदाओं या मौसम की मार से होने वाले नुकसान की भरपाई इस योजना के माध्यम से संभव हो रही है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक किसानों को इस योजना से जुड़ना चाहिए, ताकि संकट के समय उन्हें आर्थिक सहारा मिल सके। धर्मराज निषाद ने कहा कि सरकार की प्राथमिकता किसानों को समय पर सहायता उपलब्ध कराना है। फसल बीमा योजना के जरिए किसानों को सीधे लाभ मिल रहा है।



### किसानों को चेक के माध्यम से मिला भुगतान

इस दौरान कुल 10 बीमित किसानों को क्षतिपूर्ति राशि वितरित की गई। ओम आनन्द त्रिपाठी को 38,927 रुपये, नृपेन्द्र बहादुर सिंह को 26,111 रुपये, रमाशंकर गौड को 18,827 रुपये, ओमप्रकाश उपाध्याय को 19,989 रुपये और भीम सिंह को 40,388 रुपये का चेक दिया गया। अन्य किसानों को भी उनकी बीमित राशि के अनुसार भुगतान किया गया।

# ग्रामीण बैंक में ग्राहकों से बदसलूकी के आरोप

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के जहांगीरगंज विकास खंड के सिघलपट्टी बाजार स्थित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा में ग्राहकों से दुर्व्यवहार के आरोप सामने आए हैं। बैंक पहुंचे उपभोक्ताओं ने शाखा प्रबंधक प्रेम सिंह के रवैये पर नाराजगी जताई है।

ग्रामीणों का कहना है कि वे डीबीटी, आधार लिंकिंग और केवाईसी अपडेट कराने के लिए कई दिनों से बैंक के चक्कर लगा रहे हैं। आरोप है कि शाखा प्रबंधक उन्हें काम करने के बजाय यह कहकर लौटा देते हैं कि ऐसे काम के लिए समय नहीं है। इससे लोगों को बार-बार लौटना पड़ रहा है।

उपभोक्ताओं के अनुसार, बैंक में खाते से जुड़ी जानकारी मांगने पर भी उन्हें संतोषजनक जवाब नहीं मिलता। कई लोगों ने आरोप लगाया कि सवाल पूछने पर उन्हें डांटकर बाहर भेज दिया जाता है। इससे बैंक आने वाले लोगों में डर और असंतोष बढ़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इस स्थिति से सरकारी योजनाओं पर भी असर पड़ रहा है। डीबीटी और अन्य योजनाओं का लाभ पाने के लिए आधार लिंकिंग और केवाईसी जरूरी है, लेकिन काम न होने से कई लोग लाभ से वंचित हैं। ग्रामीणों ने प्रशासन से मामले की जांच कर कार्रवाई की मांग की है। उनका कहना है कि यदि जल्द समाधान नहीं हुआ तो विरोध प्रदर्शन किया जाएगा।




- डीबीटी, आधार लिंकिंग और केवाईसी के लिए भटक रहे उपभोक्ता, शाखा प्रबंधक पर गंभीर आरोप

# महिला आरक्षण पर बयान से बढ़ी सियासी हलचल

# मंत्री संजय निषाद का विपक्ष पर तीखा हमला

**आयोजन**

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । लोहिया भवन सभागार में मंगलवार को शिक्षामित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कैबिनेट मंत्री संजय निषाद ने शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। बड़ी संख्या में शिक्षामित्र, अधिकारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।

कार्यक्रम के दौरान मंत्री संजय निषाद ने समाजवादी पार्टी और विपक्षी दलों पर तीखे शब्दों में हमला बोला। उन्होंने महिला आरक्षण के मुद्दे पर अखिलेश यादव का नाम लेते हुए आरोप लगाया कि पहले विरोध और अब समर्थन की स्थिति राजनीतिक अवसरवाद को दिखाती है। उन्होंने कहा कि इस मुद्दे पर जनता सब समझ चुकी है।

बढ़े हुए मानदेय का लाभ मिलने के बाद शिक्षामित्रों में उत्साह देखा गया। कई शिक्षामित्रों ने इसे लंबे समय से चली आ रही मांग की दिशा में अहम कदम बताया। कार्यक्रम स्थल पर मानदेय वितरण के दौरान उत्साहपूर्ण माहौल रहा।



> सुरक्षा बलों की भूमिका पर उठे सवालों पर उन्होंने कहा कि सुरक्षा बल जनता की सुरक्षा के लिए कार्य कर रहे हैं और व्यवस्था बनाए रखने में उनकी अहम भूमिका है।

### महिला आरक्षण और परिवारवाद का मुद्दा

संजय निषाद ने कहा कि महिला आरक्षण को लेकर विपक्ष की भूमिका लगातार बदलती रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि कुछ दल सत्ता को परिवार तक सीमित रखना चाहते हैं, जबकि महिलाओं को उनकी आबादी के अनुपात में पूरा अधिकार मिलना चाहिए। उन्होंने इसे केवल राजनीतिक बयानबाजी बताया।

### डबल इंजन सरकार पर जोर

मंत्री ने कहा कि विकास की गति केवल डबल इंजन सरकार में ही संभव है। उन्होंने कहा कि केंद्र और राज्य की संयुक्त नीति से योजनाओं का सीधा लाभ जनता तक पहुंच रहा है। उन्होंने पश्चिम बंगाल का उदाहरण देते हुए कहा कि वहां चुनाव प्रक्रिया में पारदर्शिता और कानून व्यवस्था को मजबूत करने के प्रयास हुए हैं।

# राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारी तेज प्री लिटिगेशन मामलों के निस्तारण पर जोर

## एडीआर भवन में हुई बैठक, विभागीय समन्वय पर चर्चा

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जनपद न्यायालय के एडीआर भवन में आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारी और न्यायिक अधिकारी शामिल हुए। लोक अदालत को सफल बनाने और अधिक से अधिक मामलों के निस्तारण पर जोर दिया गया। 09 मई 2026 को जनपद न्यायालय, पारिवारिक न्यायालय, कलक्ट्रेट, सभी तहसीलों, उपभोक्ता फोरम और अन्य विभागों में राष्ट्रीय लोक अदालत आयोजित की जाएगी। इसमें लंबित मामलों के साथ-साथ प्री-लिटिगेशन मामलों के निस्तारण पर विशेष ध्यान रहेगा।

बैठक की अध्यक्षता विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी अधिनियम एवं नोडल अधिकारी पवन कुमार शुक्ला ने की। उन्होंने कहा कि लोक अदालत की सफलता के लिए अधिक से अधिक मामलों को चिन्हित कर समय से निस्तारित किया जाए। साथ ही आमजन के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने पर भी जोर दिया।

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव शिखा यादव भी बैठक में मौजूद रहीं। उन्होंने विभागों के बीच समन्वय बनाकर काम करने की बात कही।

बैठक में सिविल जज और मजिस्ट्रेट स्तर के अधिकारी, उप संभागीय परिवहन अधिकारी, अग्रणी जिला प्रबंधक और यातायात प्रभारी सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। सभी ने निर्देशों के अनुसार कार्य करने और राष्ट्रीय लोक अदालत की सफलता सुनिश्चित करने की प्रतिबद्धता व्यक्त की।

बैठक में विशेष रूप से प्री-लिटिगेशन मामलों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। अधिकारियों से कहा गया कि अधिक से अधिक मामलों को लोक अदालत में लाकर उनका समाधान कराया जाए, ताकि आम लोगों को राहत मिल सके।



# खदीजा जावेद ने आईसीएसई में 99% अंक हासिल कर स्कूल टॉप किया

## लखनऊ के मॉडर्न एकेडमी में पहला स्थान

तमसा संकेत, संवाददाता

अंबेडकरनगर । जिले के आलापुर तहसील क्षेत्र के ग्राम न्योरी की छात्रा खदीजा जावेद फारूकी ने ICSE हाईस्कूल परीक्षा में 99 प्रतिशत अंक हासिल किए हैं। उन्होंने लखनऊ स्थित मॉडर्न एकेडमी, गोमती नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया।

खदीजा की इस उपलब्धि से परिवार, गांव और पूरे जिले में खुशी का माहौल है। उनके इस प्रदर्शन को क्षेत्र की बड़ी उपलब्धि माना जा रहा है। पढ़ाई में लगातार मेहनत और अनुशासन के दम पर उन्होंने यह स्थान हासिल किया।

खदीजा के पिता जावेद फारूकी हैं। परिवार का कहना है कि शुरुआत से ही पढ़ाई को लेकर उनका फोकस स्पष्ट रहा। स्कूल स्तर पर भी उनका प्रदर्शन लगातार बेहतर रहा है। उनकी सफलता की जानकारी मिलते ही गांव में लोगों ने खुशी जताई। सोशल मीडिया पर भी बधाई देने वालों की संख्या बढ़ी। स्थानीय लोगों ने इसे ग्रामीण क्षेत्र के लिए प्रेरणादायक उपलब्धि बताया।

जनप्रतिनिधियों और सामाजिक संगठनों से जुड़े लोगों ने भी खदीजा को बधाई दी। उन्होंने कहा कि इस तरह की उपलब्धियां क्षेत्र के अन्य छात्रों को आगे बढ़ने के लिए प्रेरित करती हैं।



**अफरा-तफरी : भीखपुर पेट्रोल पंप के पास सुबह हुआ हादसा**

# स्कूल बस खाई में उतरी, बड़ा हादसा टला, 40 बच्चे सुरक्षित

- पेड़ के सहारे अटकी बस, पलटने से बची
- बच्चों में मची चीख-पुकार, लेकिन सभी सुरक्षित
- पुलिस ने संभाली स्थिति
- स्थानीय लोगों ने ली राहत की सांस

तमसा संकेत, संवाददाता

जलालपुर । क्षेत्र के भीखपुर पेट्रोल पंप के पास मंगलवार सुबह बड़ा सड़क हादसा होते-होते टल गया। डायनेमिक स्कूल की बस बच्चों को लेकर स्कूल जा रही थी। इसी दौरान सामने आई स्कूटी सवार अध्यापिका को बचाने के प्रयास में बस अनियंत्रित होकर सड़क किनारे खाई में उतर गई।

हादसे के दौरान बस पूरी तरह पलटी नहीं और पास स्थित पेड़ की डाल पर अटक गई। इसी कारण बस में सवार करीब 40 स्कूली बच्चे सुरक्षित बच गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई।

हादसे के समय बस में सवार बच्चों में चीख-पुकार मच गई, लेकिन बस के पलटने से बच जाने के कारण बड़ा नुकसान टल गया। स्थानीय लोगों ने मौके पर पहुंचकर बच्चों को सुरक्षित बाहर निकाला। हादसे के बाद इलाके में कुछ समय के लिए जाम की स्थिति भी बनी रही। बाद में पुलिस ने यातायात सामान्य कराया। बच्चों की सुरक्षित होने की खबर से परिजनों और स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली।



### स्कूटी सवार शिक्षिका घायल

जानकारी के अनुसार, श्रीपुर निवासी शिक्षिका ज्योतिषना स्कूटी से घर से निकलकर मरहरा रोड होते हुए गौसपुर ककरहिया के पास नहर पुलिया पार कर जलालपुर-बसखारी मार्ग पर जा रही थीं। इसी दौरान बसखारी की ओर से आ रही स्कूल बस ने उन्हें बचाने का प्रयास किया, लेकिन वाहन असंतुलित होकर खाई में उतर गया। इस दौरान स्कूटी सवार शिक्षिका बस की चपेट में आकर घायल हो गईं। उन्हें तत्काल मंगुराडिला स्थित निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है।

> घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और स्थिति को नियंत्रित किया। कोतवाल अजय प्रताप सिंह यादव ने बताया कि बस में सवार सभी बच्चे पूरी तरह सुरक्षित हैं और किसी को गंभीर चोट नहीं आई है।

# एनकाउंटर में ढेर हत्यारे को दफनाने से परिवार का इनकार

तमसा संकेत, संवाददाता

अम्बेडकरनगर। यूपी के अंबेडकरनगर में महिला और चार बच्चों के हत्यारे आमिर के शव को दफनाने परिवार ने इनकार कर दिया। इमाम ने कब्र पर फातिहा पढ़ने से भी मना कर दिया। पुलिस ने खुद शव को सुपुर्द-ए-खाक करने की तैयारी कर ली।

हालांकि, देर रात परिवार शव लेने के लिए राजी हो गया। उन्होंने आमिर को गांव के कब्रिस्तान में दफना दिया।

दरअसल, सोमवार सुबह 19 साल के आमिर को पुलिस ने एनकाउंटर में मार गिराया था। उसने 2 मई को महिला और उसके चार बच्चों की हत्या की थी। वह महिला से शादी कर उसकी जमीन हड़पना चाहता था, लेकिन उसने इनकार कर दिया। नाराज होकर वारदात को अंजाम दिया। मामला अकबरपुर कोतवाली क्षेत्र के मुरादाबाद इलाके का है।

सोमवार को एनकाउंटर के बाद पुलिस ने आमिर के शव का पोस्टमॉर्टम कराया। शव को उसके घर भेजा।

शव को देखकर परिवार वाले कहने लगे कि आमिर से अब कोई संबंध नहीं है। उसने जो किया, वह इंसानियत के खिलाफ था। फिर पुलिस ने इलाके के इमाम और आमिर के चाचा ताज मोहम्मद को कब्र पर फातिहा पढ़ने के लिए बुलाया, लेकिन उन्होंने भी इनकार कर दिया।



आमिर, मृतक

- पुलिस ने आमिर के शव को दफनाया। इस दौरान परिवार के लोग वहां मौजूद रहे।

# सम्पादकीय

## अपेक्षित और अप्रत्याशित



पांच राज्यों के विधानसभा चुनावों में से जहां असम, केरलम और केंद्रशासित प्रदेश पुडुचेरी के परिणाम अपेक्षा के अनुरूप सिद्ध हुए, वहीं पश्चिम बंगाल और तमिलनाडु के नतीजे अप्रत्याशित रहे। बंगाल और तमिलनाडु के नतीजों ने इसलिए चौंकाया, क्योंकि जहां बंगाल में सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस के सत्ता विरोधी माहौल का सामना करने के बाद भी इसकी आशा शायद ही किसी को रही हो कि उसके लिए सौ सीटों तक पहुंचना भी कठिन हो जाएगा और भाजपा दो सौ सीटों के निकट पहुंच जाएगी, वहीं तमिलनाडु में नए बने दल टीवीके के बारे में कम ही लोगों ने कमजोर सा अनुमान लगाया था कि वह सत्ता के निकट पहुंच जाएगी।

बंगाल में ममता बनर्जी और तमिलनाडु में स्टालिन की पराजय यह बताती है कि जो क्षेत्रीय नेता अपनी सत्ता को खुद की निजी जागीर में बदल लेते हैं, उन्हें जनता अधिक समय तक सहन नहीं करती। तमिलनाडु में टीवीके के जोसेफ विजय ने वह कर दिखाया, जो एक समय आंध्र में एनटी रामाराव और दिल्ली में अरविंद केजरीवाल ने किया था- पहली बार में ही बंपर जीत।

विजय की जीत का महत्व इसलिए भी है कि उन्होंने छह दशक बाद द्रविड़ दलों को तमिलनाडु की सत्ता से बाहर कर दिया। बंगाल में भी भाजपा ने कांग्रेस, वाम दलों के लंबे शासन के बाद 15 वर्षों तक शासन करने वाली तृणमूल कांग्रेस को बाहर का दरवाजा दिखा दिया। बंगाल में प्रचंड जीत के साथ ही भाजपा ने पूर्वोत्तर के साथ पूर्वी भारत पर बढ़त हासिल कर ली।

बंगाल में जो राजनीतिक लड़ाई कांटे की मानी जा रही थी, उसमें भाजपा की इतनी बड़ी जीत यह बताती है कि ममता का शासन कुशासन का पर्याय बन गया था और मुस्लिम तुष्टीकरण की उनकी राजनीति एवं बांग्लादेश से होने वाली घुसपैठ की गंभीर समस्या की अनदेखी ने बहुसंख्यक समुदाय को भाजपा के पक्ष में एकजुट करने का काम किया। भाजपा के पूर्व संस्करण जनसंघ के संस्थापक श्यामा प्रसाद मुखर्जी के गृह राज्य में भाजपा की जीत ने यह भी रेखांकित किया कि उसके विस्तार और बढ़ते प्रभाव का सिलसिला तेज होने वाला है। इस जीत ने प्रधानमंत्री मोदी के साथ गृहमंत्री अमित शाह के कद को और अधिक बढ़ाने का काम किया है।

2026 की भाजपा वह नहीं, जो 2024 के लोकसभा चुनावों के बाद निस्तेज दिखने लगी थी और कांग्रेस समेत अन्य विपक्षी दल यह प्रतीति कराने लगे कि अब उनका नंबर आएगा। निःसंदेह अब बंगाल में भी डबल इंजन सरकार होगी, लेकिन इसके साथ ही भाजपा के सामने यह चुनौती भी आ खड़ी हुई है कि वह राज्य की जनता से किए गए अपने वादों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करे और इस राज्य को राजनीतिक हिंसा एवं घुसपैठियों से मुक्त करने के साथ फिर से पटरी पर लाए।

# बंगाल विजयः संघ की जमीनी साधना शांति से शक्ति तक

> पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव के नतीजों ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि राजनीति केवल बड़े मंचों, विशाल रैलियों और जोरदार नारों से तय नहीं होती। कई बार असली लड़ाई उन स्तरों पर लड़ी जाती है, जहां न कैमरे पहुंचते हैं और न ही जमीनी प्रयास सुर्खियां बनती हैं।



पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की ऐतिहासिक, अद्भुत, अविस्मरणीय एवं करिश्माई जीत के पीछे राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (संघ) की बहुत बड़ी भूमिका रही है। निश्चिततौर पर इस शानदार जीत के लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह मुख्य भूमिका में हैं। लेकिन बंगाल में ममता बनर्जी की मजबूत चुनौती के सामने भाजपा की जीत के लिए संघ लंबे समय से मेहनत कर रही थी और उसकी वह मेहनत ही जीत का सशक्त माध्यम बनी है। पश्चिम बंगाल में लगातार चल रही हिन्दू विरोधी गतिविधियों एवं मुसलमानों के बढ़ते वर्चस्व को देखते हुए संघ ने इस चुनाव के मद्देनजर बहुत पहले से ही कमर कस ली थी, संघ ने पश्चिम बंगाल में 1.75 लाख से अधिक छोटी-बड़ी बैठकें आयोजित कीं। पिछले 15 सालों में संघ ने पश्चिम बंगाल में तेजी से विस्तार किया है और एक मजबूत 'हिंदू वोट बैंक' तैयार किया है। पश्चिम बंगाल में पिछले 15 वर्षों में संघ की शाखाओं की संख्या 900 से बढ़कर 5,000 तक पहुंच गई है। संघ के स्वयंसेवकों ने पश्चिम बंगाल में घर-घर जाकर 'बंग बचाओ' इस थीम पर 'मतदाता जागरूकता अभियान' चलाया। संघ की माइक्रो प्लानिंग ने बंगाल में भाजपा को ऐतिहासिक बढ़त दिलाई और सत्ता परिवर्तन का माध्यम बनी। पश्चिम बंगाल चुनाव भाजपा के लिए एक ऐतिहासिक 'मील का पत्थर' और ऐतिहासिक सफलता साबित हुआ।

इस बार के चुनाव में एक ऐसी ही खामोश रणनीति कारगर साबित हुई है। जहां एक ओर ममता बनर्जी और उनकी पार्टी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) का आक्रामक चुनाव प्रचार केंद्र में रहा, वहीं दूसरी ओर संघ से जुड़े कार्यकर्ताओं ने अपेक्षाकृत शांत रहकर 'निःशब्द विप्लव' या 'मूक क्रांति' को अंजाम देते हुए जमीनी स्तर पर अपनी पकड़ मजबूत करने पर ध्यान दिया। बंगाल की अस्मिता, विकास और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को आधार बनाकर जनजागरण अभियान चलाया गया। इस दौरान महिला, युवा, प्रबुद्ध वर्ग, किसान, श्रमिक और अनुसूचित जाति-जनजाति समुदायों तक अलग-अलग तरीकों से पहुंचने की कोशिश की गई। निश्चिततौर पर पश्चिम बंगाल की राजनीति ने वर्ष 2026 में जो ऐतिहासिक करवट ली, वह केवल सत्ता परिवर्तन की घटना नहीं है, बल्कि एक गहरे सामाजिक, सांस्कृतिक और वैचारिक परिवर्तन का संकेत भी है। लंबे समय तक वामपंथी प्रभाव और उसके बाद ममता बनर्जी के नेतृत्व में ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस का वर्चस्व रहा, लेकिन इस बार जनमत ने जिस प्रकार से भाजपा के पक्ष में निर्णायक रूप से झुकाव दिखाया, उसने स्थापित राजनीतिक धारणाओं को चुनौती दी है। इस परिवर्तन के मूल में जो शक्ति को सबसे अधिक महत्वपूर्ण मानी रही है तो वह है राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, जिसने एक अदृश्य लेकिन अत्यंत प्रभावशाली भूमिका निभाई है। यह विजय केवल चुनावी रणनीतियों का परिणाम नहीं, बल्कि वर्षों से चल रहे संगठनात्मक परिश्रम, वैचारिक विस्तार और समाज के भीतर गहराई तक किए गए संवाद का परिणाम है। पश्चिम बंगाल में संघ का विस्तार किसी तात्कालिक राजनीतिक उद्देश्य से प्रेरित नहीं था, बल्कि यह एक दीर्घकालिक सामाजिक दृष्टि का हिस्सा था। पिछले डेढ़ दशक में संघ ने प्रांत में जिस प्रकार अपनी शाखाओं का विस्तार किया और समाज के विभिन्न वर्गों तक अपनी पहुंच बनाई, उसने एक मजबूत वैचारिक आधार तैयार किया। यह कार्य किसी प्रचार की तरह नहीं, बल्कि एक शांत सामाजिक प्रक्रिया एवं क्रांति की तरह हुआ, जिसने धीरे-धीरे जनमानस को प्रभावित किया। यही कारण है कि जब चुनाव का समय आया, तो एक पहले से तैयार मानसिकता भाजपा के पक्ष में खड़ी दिखाई दी। इस पूरे परिदृश्य में सरसंघचालक मोहन भागवत की रणनीतिक दृष्टि को भी विशेष रूप से रेखांकित किया जाना चाहिए। उन्होंने बंगाल को केवल एक राजनीतिक इकाई के रूप में नहीं, बल्कि एक सांस्कृतिक भूमि के रूप में देखा, भारत की अस्मिता के रूप में देखा। जिसकी अपनी विशिष्ट पहचान और परंपराएं हैं। संघ के प्रयासों में यह स्पष्ट दिखाई देता है कि उसने बंगाल की सांस्कृतिक चेतना को समझने और उससे जुड़ने का प्रयास किया। दुर्गा पूजा, काली पूजा और रामनवमी जैसे पर्वों को सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक के रूप में प्रस्तुत किया गया, जिससे एक व्यापक सामाजिक जुड़ाव स्थापित हुआ। इस प्रक्रिया में हिंदुत्व को किसी बाहरी विचारधारा के रूप में नहीं, बल्कि बंगाल की सांस्कृतिक आत्मा के एक स्वाभाविक विस्तार के रूप में प्रस्तुत किया गया। लंबे समय तक यह धारणा बनी रही कि बंगाली अस्मिता और हिंदुत्व परस्पर विरोधी हैं, लेकिन इस चुनाव में यह धारणा काफी हद तक टूटती हुई दिखाई दी। "जय श्री राम" के साथ "जय मां काली" और "जय मां दुर्गा" जैसे नारों का समन्वय केवल राजनीतिक नारा नहीं था, बल्कि एक सांस्कृतिक संदेश था, जिसने यह स्थापित किया कि क्षेत्रीय पहचान और व्यापक सांस्कृतिक विचारधारा के बीच कोई टकराव नहीं है। इस समन्वय ने मतदाताओं के भीतर एक नई प्रकार की आत्मजागरूकता उत्पन्न की, जहां वे केवल विकास या योजनाओं के आधार पर नहीं, बल्कि अपनी पहचान, सुरक्षा और सांस्कृतिक गौरव के आधार पर भी निर्णय लेने लगे।

चुनाव के दौरान जिस प्रकार से 'अस्तित्व' एवं 'अस्मिता' का विमर्श उभरा, उसने इस पूरे राजनीतिक परिदृश्य को एक नई दिशा दी। संघ और भाजपा ने इसे केवल एक चुनावी मुकाबले के रूप में प्रस्तुत नहीं किया, बल्कि एक वैचारिक संघर्ष के रूप में स्थापित किया, जिसमें पहचान और सम्मान के प्रश्न प्रमुख हो गए। ऑल इंडिया तृणमूल कांग्रेस पर लगाए गए तुष्टिकरण के आरोपों ने इस विमर्श को और तीव्र किया, जिससे मतदाताओं के बीच एक स्पष्ट ध्रुवीकरण देखने को मिला। इस पूरे प्रक्रिया में संघ ने जमीनी स्तर पर संवाद स्थापित कर इस विचार को सामाजिक स्वीकृति दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

– ललित गर्ग

# पब्लिक बोली अब खेला हम करीबो!

पाँच राज्यों के चुनाव परिणाम सामने आते ही देश की जनता ने एक बार फिर यह साबित कर दिया कि असली सत्ता उसी के हाथ में है। लोकतंत्र की असली मदारी वहीं है। बाद में वह खुद तमाशा बन जाय यह दीगर बात है। उससे भी बड़ी बात यह कि उसका मूड किसी मौसम से कम नहीं। कब बदल जाए, किस दिशा में मुड़ जाए, इसका अनुमान लगाना तो दूर, खुद जनता को भी पहले से नहीं पता होता। गाँव की चौपाल से लेकर शहर की चाय की दुकानों तक, हर जगह एक ही चर्चा है, क्या सोच कर वोट दिया था, और हो क्या गया। यही लोकतंत्र का सबसे रोचक और रहस्यमय पक्ष है। चुनाव से पहले जनता बड़े-बड़े सपने बुनती है। सड़कें चमकेंगी, रोजगार की बारिश होगी, महँगाई गायब हो जाएगी। लेकिन जैसे ही मतदान संपन्न होता है, एक अजीब-सी शांति छा जाती है, मानो जनता खुद ही कह रही हो। अब पाँच साल की छुट्टी। इस बार का चुनावी मिजाज कुछ ऐसा रहा जैसे बरसात का मौसम, कभी तेज धूप, कभी घने बादल, तो कभी मूसलाधार बारिश। नेता लोग पूरी कोशिश में लगे रहे कि हवा का रुख समझ लें, लेकिन असली हवा तो जनता के मन में बहती है। और यह मन कब करवट ले ले, इसका पूर्वानुमान किसी मौसम विभाग के पास भी नहीं। लोकतंत्र की खूबसूरती भी यही है। यहाँ राजा कोई जन्म से नहीं होता, जनता उसे बनाती है। और वही जनता, जब मन भर जाता है, तो बड़े आराम से कह देती है अब बहुत हुआ, नीचे उतरिए।

**प्रभुनाथ शुक्ल**

## कोविड-19 महामारी ने ...

डॉ. शैलेश शुक्ला

# 'लौटो लहलहाते खेतों की ओर गाँव की गोद में भव्य भविष्य'

भारत की सभ्यता का हृदय कभी उसके गाँवों में धड़कता था। नदियों के किनारे बसे वे छोटे-छोटे समुदाय, वे हरे-भरे खेत, वे मिट्टी की दीवारों वाले घर और वे चौपालें जहाँ पीढ़ियों का ज्ञान एक पीढ़ी से दूसरी पीढ़ी को हस्तांतरित होता था — यह सब मिलकर एक ऐसी सांस्कृतिक और आर्थिक व्यवस्था बनाते थे जो अपनी तमाम कमियों के बावजूद टिकाऊ थी, आत्मनिर्भर थी और मनुष्य को उसकी प्रकृति से जोड़े रखती थी। लेकिन पिछले सात दशकों में विकास की जो अवधारणा हमने अपनाई, उसने धीरे-धीरे इस हृदय को खोखला कर दिया। शहर बड़े होते गए, गाँव सिकुड़ते गए और एक ऐसा असंतुलन पैदा हुआ जो आज न केवल ग्रामीण भारत को बल्कि स्वयं शहरों को भी भीतर से कमज़ोर कर रहा है। अब एक ऐसा समय आ गया है जब हमें गंभीरता से यह विचार करना होगा कि शहरों से गाँव की ओर पलायन — जिसे अब तक 'उल्टी गंगा' कहकर हँसी में उड़ाया जाता रहा है — वास्तव में एक अनिवार्य, बुद्धिमत्तापूर्ण और दूरदर्शी विकल्प है।

आज भारत के महानगरों की स्थिति किसी से छिपी नहीं है। दिल्ली की वायु गुणवत्ता विश्व के सबसे प्रदूषित शहरों में लगातार शुमार होती है, मुंबई में एक सामान्य मध्यवर्गीय परिवार अपनी आय का पचास से साठ प्रतिशत केवल आवास पर खर्च कर देता है, बेंगलुरु में लोग प्रतिदिन दो से तीन घंटे यातायात में नष्ट करते हैं और भूजल का स्तर इतना नीचे जा चुका है कि जल-संकट एक स्थायी यथार्थ बन गया है। यह देखकर प्रश्न उठता है — क्या यही वह विकास है जिसके लिए करोड़ों लोग गाँव छोड़कर आए? जब आने वालों की संख्या अवसरों से कहीं अधिक हो जाती है तो रोज़गार की प्रतिस्पर्धा बढ़ती है, किराए आसमान छूने लगते हैं और



शहर की बुनियादी सेवाएँ इतने लोगों का बोझ उठाने में असमर्थ हो जाती हैं। परिणामस्वरूप जो व्यक्ति बेहतर जीवन की तलाश में शहर आया था, वह अक्सर एक ऐसे चक्र में फँस जाता है जहाँ वह न गाँव का रहता है, न शहर का बन पाता है।

कोविड-19 महामारी ने इस दिशा में एक अप्रत्याशित किंतु महत्वपूर्ण प्रयोग किया। जब देशव्यापी लॉकडाउन लगा और करोड़ों प्रवासी श्रमिक अपने गाँव लौटे तो उनमें से एक बड़ी संख्या ने गाँव में ही रहकर खेती शुरू की, छोटे व्यवसाय खड़े किए और जब शहर वापस बुलाने लगे तब भी कई लोगों ने जाने से मना कर दिया। इसी दौरान 'रिमोट वर्क' की संस्कृति ने एक नई संभावना खोली — अब एक सॉफ्टवेयर इंजीनियर, एक ग्राफिक डिज़ाइनर, एक कंटेंट राइटर को अनिवार्य रूप से शहर में रहने की ज़रूरत नहीं है। जहाँ इंटरनेट है, वहाँ काम है — और यह तकनीकी क्रांति रिवर्स माइग्रेशन की सबसे बड़ी सक्षमकर्ता बनकर उभरी है।

आर्थिक दृष्टि से गाँव की ओर वापसी के लाभ अनेक स्तरों पर स्पष्ट हैं। एक व्यक्ति जो दिल्ली में पचास हज़ार रुपये कमाता है और उसमें से तीस हज़ार किराए, यातायात और भोजन पर खर्च कर देता है, यदि वह अपने गाँव में लौटकर उसी कौशल का उपयोग करे — चाहे वह डिजिटल फ्रीलांसिंग हो, ऑनलाइन शिक्षण हो या प्रसंस्कृत कृषि उत्पाद हों — तो उसकी वास्तविक क्रय शक्ति कहीं अधिक हो जाती है। उसे किराए के लिए भारी रकम नहीं चुकानी, स्वच्छ हवा और पानी मुफ्त में मिलते हैं, भोजन ताज़ा और सस्ता है। यह केवल एक आर्थिक गणना नहीं — यह जीवन की गुणवत्ता का पुनर्मूल्यांकन है। कृषि के क्षेत्र में शिक्षित युवाओं की वापसी एक क्रांतिकारी परिवर्तन ला सकती है। भारतीय कृषि आज घटती उत्पादकता, मिट्टी के क्षरण, जल-संकट और विपणन की अव्यवस्था से जूझ रही है। एक कृषि-स्नातक जो शहर में किसी बहुराष्ट्रीय कंपनी में काम कर रहा है, यदि वह अपने गाँव लौटकर जैविक खेती अपनाए, किसान उत्पादक संगठन बनाए और ई-कॉमर्स के ज़रिये अपनी उपज सीधे उपभोक्ता तक पहुँचाए — तो वह न केवल अपने लिए बल्कि अपने पूरे समुदाय के लिए एक नया आर्थिक द्वार खोल सकता है। महाराष्ट्र के सतारा से लेकर हिमाचल प्रदेश के सेब-बागानों तक ऐसे सैकड़ों उदाहरण मौजूद हैं जहाँ शिक्षित युवाओं की वापसी ने ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदल दी है। स्वास्थ्य के आयाम पर भी गाँव की ओर लौटना एक मौन क्रांति है।

# बुंदेलखंड की ऊसर धरा पर बागवानी के आधुनिक नवाचार

## समृद्धि की नई परिभाषा गढ़ते हमीरपुर के प्रगतिशील कृषक

उत्तर प्रदेश सरकार की प्राथमिकता सदैव से ही प्रदेश के अन्नदाताओं को आर्थिक रूप से सुदृढ़ बनाने और उन्हें कृषि की आधुनिकतम तकनीकों से लैस करने की रही है। प्रदेश सरकार द्वारा संचालित 'मुख्यमंत्री कृषक दुर्घटना कल्याण योजना', 'मिशन बागवानी' और 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' जैसी महत्वपूर्ण पहलें न केवल किसानो ं को सुरक्षा कवच प्रदान कर रही हैं, बल्कि उन्हें पारंपरिक खेती के दायरे से बाहर निकालकर एक उद्यमी के रूप में स्थापित कर रही हैं। उत्तर प्रदेश सरकार का विजन है कि तकनीक और संसाधनों का सही समन्वय करके ग्रामीण अर्थव्यवस्था की तस्वीर बदली जाए। विशेषकर बुंदेलखंड जैसे क्षेत्रो ं में, जहाँ की भौगोलिक परिस्थितियाँ कृषि के लिए अत्यंत चुनौतीपूर्ण रही हैं, वहाँ प्रदेश सरकार द्वारा विशेष पैकेज और सघन योजनाओं के क्रियान्वयन से किसानों के जीवन में क्रांतिकारी बदलाव परिलक्षित हो रहे हैं। जिला प्रशासन के माध्यम से इन योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक पहुँचाने का संकल्प अब धरातल पर मूर्त रूप ले चुका है। हमीरपुर जनपद, जो अपनी कठोर जलवायु और पथरीली मिट्टी के लिए जाना जाता है, वहाँ कृषि के क्षेत्र में एक ऐसा ही परिवर्तन देखने को मिला है जिसने भविष्य की नई राहें खोल दी हैं। सुमेरपुर विकास खंड के ग्राम विवांर के निवासी रामरतन प्रजापति इस परिवर्तन के एक सशक्त स्तंभ बनकर उभरे हैं। कक्षा 5 तक शिक्षित होने के बावजूद, रामरतन जी ने अपनी दृढ़ इच्छाशक्ति और प्रदेश सरकार की योजनाओं के साथ उचित समन्वय करके यह सिद्ध कर दिया कि नवाचार के लिए केवल डिग्री की नहीं, बल्कि दृष्टि की आवश्यकता होती है। वर्ष 1980 के दशक में आई विभीषिका ने उनके परिवार को आर्थिक संकट में डाल दिया थ ा, लेकिन उन्होंने इसे नियति नहीं माना। जिला प्रश ासन के कृषि एवं उद्यान विशेषज्ञो ं के निरंतर संपर्क में रहकर उन्होंने अपनी दो हेक्टेयर ऊसर भूमि की कायापलट करने का निर्णय लिया। प्रदेश सरकार की 'एकीकृत बागवानी विकास मिशन' योजना के अंतर्गत उन्होंने तकनीकी प्रशिक्षण प्राप्त किया और मौसमी फलों की बागवानी की नींव रखी। बागवानी के क्षेत्र में कदम रखते ही सबसे बड़ी चुनौती सिंचाई की थी। बुंदेलखंड में पानी की कमी एक शाश्वत समस्या रही है, जिसका समाधान उत्तर प्रदेश सरकार ने 'प्रधानमंत्री कृषि सिंचाई योजना' के माध्यम से प्रस्तुत किया। इस योजना के अंतर्गत रामरतन जी को ड्रिप इरिगेशन यानी टपक सिंचाई प्रणाली के लिए भारी अनुदान प्रदान किया गया। जिला प्रशासन के मार्गदर्शन में उन्हो ंने अपने खेतो ं में इस प्रणाली को स्थापित किया, जिससे न केवल पानी की खपत आधी हो गई, बल्कि उर्वरकों का सीधा उपयोग पौधों की जड़ों तक होने लगा। ड्रिप सिंचाई की इस तकनीक ने उनके बाग को लहलहा दिया और फसल की गुणवत्ता में भी आश्चर्यजनक सुधार हुआ। प्रदेश सरकार द्वारा समय-समय पर आयोजित कृषि मेलों और प्रदर्शनियों ने उन्हें नए बाजारों और उन्नत बीजों के बारे में जानकारी दी, जिससे उनकी आय में निरंतर वृद्धि होती गई। उनके खेत में अब केवल फसल नहीं, बल्कि समृद्धि लहलहाने लगी थी। रामरतन जी की सफलता का सफर केवल अपने खेतों तक सीमित नहीं रहा।

## जरा हटके

## अभी यह फोर लेन...

सरिता वर्मा

# बुंदेलखण्ड क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि ला रहा है बुंदेलखण्ड एक्सप्रेस-वे



किसी भी क्षेत्र के विकास के लिए सड़के रीढ़ का काम करती है। सड़कों के निर्माण होने से सम्बन्धित क्षेत्र का विकास बड़ी तेजी के साथ होता है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र उत्तर प्रदेश का ऐसा क्षेत्र रहा है, जहाँ त्वरित आवागमन का अभाव था। पथरीला क्षेत्र होने के कारण क्षेत्र वासियों को कई तरह की कठिनाई आती थी। प्रदेश के मा0 मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी ने बुन्देलखण्ड के विकास के लिए विशेष पैकेज दिये और इस क्षेत्र में सिंचाई के लिए जहाँ बाधों, नलकूपों व तालाबो ं का निर्माण कराया है, वहीं पेयजल परियोजनायें पूर्ण कर ग्रामवासियों को जल आपूर्ति की जा रही है। बुन्देलखण्ड क्षेत्र के सर्वां गीण विकास के लिए प्रदेश सरकार द्वारा बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे का निर्माण कराना, बुन्देलखण्ड वासियों को बहुत बड़ा तोहफा दिया गया है, जिसे उस क्षेत्र की आने वाली पीढी सदैव याद रखेगी। यह एक्सप्रेस-वे बुन्देलखण्ड के जनपद चित्रकूट, बाँदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन से गुजरते हुए औरैया व जनपद इटावा में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे में जुड़ जाता है। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे विकास का पहियाः प्रदेश सरकार बुन्देलखण्ड क्षेत्र के विकास के लिए कृत संकल्पित है। बुन्देलखण्ड वासियों की हर क्षेत्र में आर्थिक समृद्धि और विकास करना सरकार का ध्येय है। इस क्षेत्र के विकास के लिए जितना ध्यान वर्तमान सरकार ने दिया है, उतना पूर्व में किसी ने ध्यान नहीं दिया। बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के निर्माण का शुभारम्भ एवं लोकार्पण देश के मा0 प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी द्वारा किया गया। यह एक्सप्रेस-वे 296 किमी लम्बा है। यह जनपद चित्रकूट बाँदा, महोबा, हमीरपुर, जालौन, औरेया होते हुए इटावा जनपद में लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस वे में मिलता है। अभी यह फोर लेन का है जिसे आगे चलकर 6 लेन भी बनाया जायेगा। इसमें चार रेलवे ओवर ब्रिज, 14 बडेपुल, सात रैम्प प्लाजा, 268 छोटेपुल. 18 फ्लाई ओवर और 214 अन्डरपास बनें है। इस एक्सप्रेस-वे को समयान्तर्गत पूर्ण कर लिया गया है। इस एक्सप्रेस-वे के बनने से बुन्देलखण्ड के 138 ग्राम और औरैया व इटावा के 44 ग्रामों का सीधा जुडाव हो गया है। किसानों का हो रहा है फायदाः बुन्देलखण्ड एक्सप्रेस-वे के बनने से बुन्देलखण्ड क्षेत्र के किसानों को लाभ मिल रहा है। किसानों को उनकी उपज की फसले ं मण्डियो ं तक पहुँचाने में शीघ्रता हो रही है।

# धर्म उत्कृष्ट मंगल हैं

हम ज़रा सोचें कि क्या कर रहे हैं ! हमारी उम्र तो बिना थमे -रूके भागी जा रही है , और हमारी मानसिकता नित-नई ख्वाहिशों को बुला-बुला कर पूरी होने का इन्तजार कर रही है। यही तो मानव सोच की त्रासदी है,जो उसकी मंद बुद्धि समझ नहीं पा रही है। वह तो सोच रहा है कि अभी तो उसकी उम्र बहुत बाकी है। जबकि वह हर दिन घटती ही जा रही है। पर वास्तविकता तो यह हैकि उम्र तो मां की कोख में ही बढ़ती है, उसके बाद तो वह नित घटती ही रहती है। अतः हम सदैव धर्म के प्रति आस्था वह विश्वास रखें । हमारे जीवन में आत्मविश्वास वह चाबी है जो पेचीदा से पेचीदा समस्या रूपी ताले को भी खोलने में जरा भी देर नहीं करती हैं । वह जब मन आत्मविश्वास से भरा होता है तो हमारे जीवन में सफलता के रास्ते खुद-ब -खुद मिलते रहते हैं । हमारे मन में संदेह की भावना तो मन तोड़ देती है जबकि आत्मविश्वास की ऊर्जा टूटे दिल को भी जोड़ देती है। आत्मविश्वास में वह शक्ति है जो नियमों को सफलता की ओर मोड़ देती हैं । हम अंतर्मन से आत्मविश्वास के साथ कहें कि मैं सक्षम हूँ , मैं समर्थ हूं । वह आत्मविश्वास के साथ हुंकार भरने से काम वह बात बनते देर नहीं लगेगी । हम सबके लिए मंगलमय हो,हम सब चाहते हैं । जहां धर्म वहां सद्भावना का अभाव नहीं होता हैं । वहां इर्ष्या व द्वेष दोनों का कोई प्रभाव नहीं होता हैं । धर्म हमें सहिष्णुता व सौहार्द से रहना सीखता है और पारस्परिक कलह से दूर रहने का मार्ग दिखाता है । धर्म मत नहीं मन को बदलता है और धार्मिक सदा सत्य व अहिंसा के महान पथ पर चलता है । मंगल सभी के लिए अभीष्ट होता हैं । पदार्थ मुहूर्त आदि भी मंगल हो सकते हैं , परंतु आगमकार ने बताया कि धर्म उत्कृष्ट मंगल हैं । प्रश्न होता हैं कि कौनसा धर्ममंगल होता हैं ?आगमकार ने बताया कि अहिंसा धर्म मंगल हैं , संयम धर्म मंगल हैं और तप धर्म मंगल हैं । अहिंसा धर्म को कौन अस्वीकार कर सकता हैं ? यह संप्रदायातीत धर्म हैं । वह जिसके जीवन में अहिंसा की साधना हैं, वह जीवन भी मंगल हैं, वह आत्मा भी मंगल हैं । हमारे द्वारा सब प्राणियों को अपने समान समझना- जैसे मुझे सुख प्रिय हैं और दुःख अप्रिय हैं वैसे ही और प्राणियों को भी सुख प्रिय और दुःख अप्रिय हो सकता हैं । अतः व्यर्थ किसी को कष्ट पहुंचाने का प्रयास मैं न करूं । संयम धर्म मंगल हैं, अपने शरीर , मन और वाणी तथा इन्द्रियों पर नियंत्रण रखना संयम धर्म हैं । तप धर्म हैं, तपस्या जीवन में हैं तो तेजस्विता की प्राप्ति हो सकती हैं । तपस्या के बारह प्रकार हैं तथा निरवद्य श्रम करना भी एक तप है । शुभ योग तप हैं । वह जिस व्यक्ति का मन सदा धर्म में रत रहता हैं उसे देवता भी नमस्कार करते हैं । मर्यादा और आत्मानुशासन जीवन के लिए बहुत महत्त्वपूर्ण होते हैं । हमारे धर्मसंघ में अनुशासन और मर्यादाओं पर विशेष ध्यान दिया गया हैं । मर्यादाओं का पालन करने वाले भी अच्छे होते हैं । हमारा सभी लोगों के साथ में खूब मैत्री भाव रहें ।

> प्रदीप छाजेड़

# जालौन के 4 पुलिसवालों समेत 5 की मौत

**दुर्घटना**

## हरियाणा में एक्सप्रेस-वे पर स्कॉर्पियो टकराई, मरने वालों में 2 दरोगा और 2 सिपाही

तमसा संकेत, एजेंसी

जालौन। यूपी के जालौन के 4 पुलिसकर्मियों समेत 5 की हरियाणा के नूंह में सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा मंगलवार सुबह साढ़े 10 बजे एक्सप्रेस-वे पर हुआ। मरने वालों में 2 दरोगा, 2 सिपाही और ड्राइवर शामिल हैं। पुलिसकर्मी अपहरण के मामले में स्कॉर्पियो से दबिश देने गए थे।

लौटते वक्त ड्राइवर ने एक्सप्रेस-वे पर ओवरटेक करने की कोशिश की। इसी दौरान स्कॉर्पियो बेकाबू हो गई और सामने चल रही दूसरी गाड़ी से जोरदार टक्कर हो गई। इसके बाद पांचों पुलिसकर्मियों के शव गाड़ी में बुरी तरह फंस गए। पुलिस-कर्मियों ने कड़ी मशक्कत के बाद शवों को बाहर निकाला। चारों पुलिसकर्मी जालौन की उरई कोतवाली में तैनात थे। एक पुलिस



हादसे के बाद पांचों के शव गाड़ी में फंसे हुए थे। पुलिस ने किसी तरह से उन्हें बाहर निकाला।

टीम स्कॉर्पियो से नूंह में दबिश देकर यूपी लौट रही थी। सुबह के करीब साढ़े 10 बजे थे। हरियाणा के कुंडली-मानेसर-पलवल (KMP) एक्सप्रेस-वे पर धुलावट टोल प्लाजा के पास स्कॉर्पियो एक गाड़ी को ओवरटेक करने लगी। इसी दौरान स्कॉर्पियो बेकाबू होकर सामने चल रही गाड़ी से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि स्कॉर्पियो के परखच्चे उड़ गए। उसमें सवार सभी लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। मरने वालों में दरोगा मोहित यादव, दरोगा सत्यभान, कॉन्स्टेबल अशोक कुमार, सर्विलांस टीम के सिपाही प्रदीप और स्कॉर्पियो के ड्राइवर शामिल हैं। अभी ड्राइवर की पहचान हो पाई है। सभी पुलिसकर्मी उरई कोतवाली क्षेत्र में तैनात थे।

दरोगा सत्यभान कासगंज जिले के गंजडुंडवारा ब्लॉक क्षेत्र के ग्राम अलीपुर दादर के रहने वाले थे। वह 5 भाइयों में सबसे बड़े थे। उनके एक भाई सत्यवीर गांव में रहकर खेती करते हैं। दो भाई कीरत और बादल सिंह आगरा में रहते हैं। एक अन्य भाई गुरुदेव झांसी में चकबंदी विभाग में लेखपाल के पद पर तैनात हैं।

दरोगा सत्यभान लंबे समय से अपने परिवार के साथ फतेहगढ़ और फर्रुखाबाद के बीच बढ़पुर क्षेत्र में रह रहे थे। उनकी पत्नी का नाम अतर कली है।

### हरियाणा के जींद आरटीओ में रजिस्टर है गाड़ी

जिस काले रंग की स्कॉर्पियो से पुलिसवाले जा रहे थे, वह हरियाणा के जींद RTO में रजिस्टर्ड है। हादसे में स्कॉर्पियो का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। मौके से पुलिस को एक आई-कार्ड मिला है, जो सब-इंस्पेक्टर मोहित यादव का है।

तावड़ू सदर थाना प्रभारी शीशराम ने बताया-पांचों शवों को बाहर निकालने के लिए पुलिस और बचाव दल को काफी मशक्कत करनी पड़ी। मौके पर एंबुलेंस बुलाकर शवों को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

### अपहरण केस की जांच में गई थी टीम

यह पूरी कार्रवाई एक अपहरण केस से जुड़ी थी। पंजाब के संगरूर में रहने वाले अमरीक सिंह ने 4 मई को उरई कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई थी कि उसके मौसेरे भाई बिजेंदर सिंह का अपहरण कर लिया गया। मामला 32 एकड़ जमीन से जुड़ा है। शिकायत के अनुसार, 4 मई की सुबह ट्यूबवेल की कोठरी में सो रहे बिजेंदर सिंह को 4 बदमाशों ने अगवा कर लिया था। इस दौरान शिकायतकर्ता का मोबाइल भी छीन लिया गया था। पहले घरवालों ने पहले खुद तलाश की, लेकिन सफलता नहीं मिलने पर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। इसी मामले की जांच और बरामदगी के लिए SOG टीम हरियाणा गई थी। एसपी जालौन विनय कुमार सिंह ने बताया कि उरई कोतवाली में मुकदमा दर्ज था। टीम अपहृत की बरामदगी के लिए हरियाणा गई थी। हरियाणा पुलिस के साथ समन्वय में आगे की कानूनी कार्रवाई की जा रही है।

# मानदेय वृद्धि पर शिक्षामित्रों का सम्मान

## 18 हजार रुपये के प्रतीकात्मक चेक वितरित

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। महानिदेशक, स्कूल शिक्षा एवं राज्य परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार परिषदीय विद्यालयों के शिक्षामित्रों के सम्मान में एक गरिमामय समारोह का आयोजन जीआईसी ऑडिटोरियम, बाराबंकी में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य मंत्री (खाद्य एवं रसद) सतीश चंद्र शर्मा उपस्थित रहे। उनके साथ विधान परिषद सदस्य एवं जिला प्रभारी अवनीश कुमार सिंह, भाजपा जिलाध्यक्ष राम सिंह 'भुल्लन' वर्मा, जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी और जॉइंट मजिस्ट्रेट सुश्री गुंजिता अग्रवाल सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

अतिथियों द्वारा शिक्षामित्रों को बढ़े हुए मानदेय (10,000 से 18,000) के प्रतीकात्मक चेक



वितरित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया।

मुख्य अतिथि चंद्र शर्मा ने अपने संबोधन में शिक्षामित्रों के समर्पण और मेहनत की सराहना करते हुए कहा कि मानदेय वृद्धि उनके सम्मान की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने प्रदेश सरकार का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मंजिल नहीं, बल्कि एक पड़ाव है और आगे भी शिक्षामित्रों के हित में कार्य जारी रहेंगे। इस अवसर पर मा० एमएलसी एवं जिला प्रभारी ने शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि शिक्षक और शिक्षा मित्र समाज एवं राष्ट्र निर्माण की आधारशिला हैं।

**फास्ट न्यूज**

### गोरखपुर में पंजाब की आर्केस्ट्रा डांसर ने बनाई गैंग

गोरखपुर। गोरखपुर में पंजाब की आर्केस्ट्रा डांसर ने चोरों की गैंग बनाई थी। गोला इलाके में पंजाब की डांसर ने ठिकाना बनाया था। यहां एक बैंड से जुड़कर शादियों में नाचती थी। इसने पंजाब की एक किन्नर, एक महिला और 2 युवकों को भी अपनी गैंग में जोड़ा था। जिसमे एक महिला और किन्नर नाचते गाते दिन के समय रेकी करती थीं। इसके बाद रात के समय पूरी टीम चोरी की घटना को अंजाम देने निकलते थे।

### चीन के राजदूत को भाया काशी

वाराणसी । भारत में चीन के नवनियुक्त राजदूत जू फेइहोंग इन दिनों अपनी आध्यात्मिक काशी यात्रा को लेकर सुर्खियों में हैं। धर्म और संस्कृति की नगरी वाराणसी के प्रवास के दौरान राजदूत ने यहाँ की जीवंत परंपराओं और आध्यात्मिक वैभव को न केवल करीब से देखा, बल्कि सोशल मीडिया मंच X पर अपने अनुभवों को बेहद भावुक शब्दों में साझा किया है। उनके इन पोस्ट्स ने वैश्विक स्तर पर काशी की सांस्कृतिक विरासत की ओर लोगों का ध्यान आकर्षित किया है। राजदूत जू फेइहोंग ने अपने एक पोस्ट में गंगा तट के आध्यात्मिक माहौल का बेहद सजीव चित्रण किया।

### 1536 शिक्षामित्रों को 18 हजार मानदेय

वाराणसी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रदेश भर के शिक्षामित्रों को 18 हजार रुपये प्रतिमाह मानदेय दिए जाने की घोषणा की थी। आज मंगलवार को उन्होंने मानदेय भुगतान का शुभारंभ गोरखपुर किया। इसका लाइव टेलिकास्ट वाराणसी में भी किया गया। यहां भी शिक्षामित्रों को प्रतीकात्मक चेक दिया गया।

## एमआईईटी में प्रोजेक्ट एक्सपो 2026 छात्रों के आइडियाज़ ने जीता दिल

तमसा संकेत, संवाददाता

मेरठ। मेरठ इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (एमआईईटी) में "प्रोजेक्ट एक्सपो 2026" का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें छात्रों की तकनीकी प्रतिभा और नवाचार की शानदार झलक देखने को मिली।



कार्यक्रम में बीटेक, एमबीए, एमसीए, बी.फार्मा सहित कुल 16 विभागों की 55 टीमों ने भाग लिया। लगभग 200 फाइनल ईयर के छात्र-छात्राओं ने अपने वर्किंग एवं नॉन-वर्किंग मॉडल प्रस्तुत कर तकनीकी कौशल का प्रदर्शन किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि डॉ. अनुज कुमार शर्मा (डीन एकेडमिक्स, सेंटर फॉर एडवांस्ड स्टडीज, एकेटीयू लखनऊ) तथा विशिष्ट अतिथि गौरव जैन (डायरेक्टर, के.आर. इंडस्ट्रीज) ने संस्थान के चेयरमैन विष्णु शरण, वाइस चेयरमैन गौरव अग्रवाल और कैंपस निदेशक डॉ. संजय कुमार सिंह, एमआईटी डायरेक्टर डॉ केएलए खान ने साथ फीता काटकर किया।

निर्णायकों द्वारा उत्कृष्ट प्रोजेक्ट्स का चयन करते हुए बीटेक बायोटेक्नोलॉजी विभाग के अलमास नौसेन, अनन्य चौधरी और मिस्बाह फातिमा रिजवी को प्रथम स्थान पर "चेयरमैन अवार्ड" से सम्मानित किया गया। बीटेक कंप्यूटर साइंस इंजीनियरिंग के योग्यांश सिंह, कुंज अग्रवाल और स्पर्श पांडे को द्वितीय स्थान पर "वाइस चेयरमैन अवार्ड" प्रदान किया गया। इसी श्रेणी में सौम्या राणा, स्मृति कपूर और विलियम पवार को भी सम्मानित किया गया।


## डीएम से बच्ची की अपील- अंकल, सड़क बनवा दो, 5 दिन बिगड़ा रहेगा मौसम

# आगरा में तेज बारिश, ललितपुर में हजारों क्विंटल गेहूं भीगा

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ/ वाराणसी/ प्रयागराज/ कानपुर। यूपी में आंधी-बारिश का सिलसिला जारी है। मंगलवार को लखनऊ, आगरा, प्रतापगढ़, झांसी, अमेठी, गाजीपुर और भदोही में बारिश हुई। सुबह तेज हवाओं की वजह से हल्की ठंड का एहसास हुआ। बाराबंकी, सीतापुर, अयोध्या, कानपुर, रायबरेली समेत आसपास के इलाकों में बादल छाए हैं।

आगरा में ताजमहल का दीदार करने पहुंचे पर्यटक भीग गए। ललितपुर में आंधी और बारिश की वजह से खुले गेहूं क्रय केंद्रों पर रखा हजारों क्विंटल गेहूं भीग गया। लखीमपुर खीरी में बारिश की वजह से जलभराव हो गया। कक्षा 1 की छात्रा मानवी सिंह ने वीडियो जारी कर जिलाधिकारी से भावुक अपील की। कहा- "हेलो डीएम अंकल, आप बहुत अच्छे हैं, मेरी सड़क बनवा दो।"



मौसम विभाग ने 42 जिलों में आंधी-बारिश का अलर्ट जारी किया है। आज बड़ा मंगल के अवसर पर प्रदेश में जगह-जगह भंडारे होने हैं। इसके अलावा, प्रदेश भर में 10-15 हजार शादिया हैं। ऐसे में बारिश से खलल पैदा हो सकती है।

पिछले 24 घंटे की बात करें तो अयोध्या, सीतापुर और बाराबंकी में ओले गिरे। वाराणसी, कानपुर समेत 22 जिलों में आंधी-बारिश हुई। सबसे ज्यादा 130 मिमी बारिश संभल में रिकॉर्ड की गई।

आंधी-बारिश की वजह से पीलीभीत में ईंट-भट्ठे की 100 फीट ऊंची चिमनी ढह गई। गाजीपुर में कच्चे मकान की दीवार ढह गई। किसान हरिचरण कुशवाहा (58) की मलबे में दबकर मौत हो गई। इससे पहले कासगंज में 2 बच्चों, औरैया में दादी-पोती, गोरखपुर में 2 युवकों और संभल में एक बच्ची की जान गई थी। पिछले 5 दिनों से जारी बारिश की वजह से फसलों को नुकसान पहुंचा है। खासतौर पर सब्जियों की फसलें प्रभावित हुई हैं। खीरा-ककड़ी, खरबूज और तरबूज को सबसे ज्यादा नुकसान होने की आशंका है।

### अगले एक हफ्ते मौसम बिगड़ा ही रहेगा

लखनऊ के मौसम वैज्ञानिक अतुल सिंह ने बताया-पश्चिमी विक्षोभ के असर से मौसम में बदलाव आया है। प्रदेश में अगले कुछ दिनों तक बारिश, आंधी और बिजली गिरने की संभावना बनी रहेगी। 4 से 7 मई के बीच 40 से 60 किमी प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवाएं चल सकती हैं। ओले भी गिर सकते हैं। अगले एक हफ्ते तक मौसम बिगड़ा ही रहेगा। इस दौरान लू चलने के आसार नहीं हैं।



ललितपुर में क्रय केंद्रों पर रखा गेहूं बारिश में भीग गया। कुछ किसानों ने पन्नी डालकर फसल बचाने की कोशिश की, लेकिन तेज हवा ने उनकी कोशिशों पर पानी फेर दिया।

## लड़की बोली- 4 साल तक संबंध बनाए, गर्भपात कराया, चुपके से किसी और से शादी की

# मंत्री राजभर का गनर रेप के आरोप में गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

वाराणसी । यूपी सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के गनर प्रशांत राय (29) को सोमवार को वाराणसी पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। प्रशांत पर युवती से 4 साल तक दुष्कर्म और गर्भपात कराने का आरोप है। पीड़ित के मुताबिक, शादी का झांसा देकर आरोपी ने मुझे फंसाया। 4 साल तक संबंध बनाए। 2 बार गर्भवती हुई तो गर्भपात करा दिया। फिर गुपचुप तरीके से 25 अप्रैल को प्रयागराज में शादी रचा ली। सोशल मीडिया के दोस्त के जरिए मैंने उसकी शादी की तस्वीरें देखी। इस बारे में उससे पूछा तो आनकानी करने लगा। 4 मई को वह वाराणसी के सारनाथ थाने पहुंची और सिपाही के खिलाफ FIR कराई।





पुलिस ने सिपाही को पूछताछ के लिए बुलाया और गिरफ्तार कर लिया। आज उसे कोर्ट में पेश करेगी। मिर्जापुर के ड्रमंडगंज चंद्रगढ़ के रहना वाले प्रशांत 8 साल पहले पुलिस में भर्ती हुआ था। वाराणसी के अजगरा थाना क्षेत्र की रहने वाला युवती के मुताबिक, सिपाही सारनाथ के बेनीपुर में कमरा किराए पर लेकर रहता था। इसी बीच, 4 साल पहले उनका अफेयर हो गया। शादी करने का वादा कर मेरे साथ संबंध बनाने लगा। मेरे घर आने-जाने लगा। फिर मैंने घरवालों से हमारे रिश्ते के बारे में बात की। युवती के मुताबिक, सिपाही मेरी जाति का नहीं था, इसलिए परिवार वालों ने इस पर आपत्ति जताई। 2 साल पहले मैं उसके साथ सारनाथ वाले कमरे में ही रहने लगी। 6 महीने पहले गर्भवती हुई तो उसने गर्भपात के दबाव बनाया। कहा- बिना शादी मां बनने पर बात बिगड़ जाएगी। मेरा गर्भपात करा दिया। दो महीने पहले फिर मैं गर्भवती हो गई। उसने फिर से गर्भपात कराया।

इसी बीच, प्रशांत ने 25 अप्रैल को गुपचुप तरीके से उसने शादी कर ली। 1 मई को मुझे सोशल मीडिया पर एक दोस्त ने सिपाही की शादी की फोटो भेजी, तब जाकर मुझे पता चला कि सिपाही ने मेरे साथ धोखा किया।

### सिपाही ने पुलिस से जुर्म कबूला

पुलिस के मुताबिक, युवती 4 मई को सारनाथ थाने पहुंची। आपबीती बताई। सिपाही के खिलाफ तहरीर दी। इसके बाद सिपाही को थाने पर बुलाया। सिपाही अपने बड़े भाई कमल नारायण राय के साथ थाना सारनाथ पहुंचा। पुलिस ने मामले में सिपाही से सवाल किए गए। साथ ही युवती के साथ खिंचाए फोटो भी दिखाए। इसके बाद उसने अपना जुर्म कबूल कर लिया।



वाराणसी के सारनाथ थाने में पूछताछ के बाद सिपाही को गिरफ्तार कर लिया गया। इसे आज कोर्ट में पेश किया जाएगा।

> गाजीपुर रिजर्व पुलिस लाइन के आरआई आरके तिवारी ने बताया-सिपाही प्रशांत राय 2 साल से मंत्री ओम प्रकाश राजभर के इस्कॉर्ट में तैनात था। उसके खिलाफ जांच की जा रही है।

## विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी की अध्यक्षता में सम्पन्न

**विद्युत आपूर्ति सम्बन्धी शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश**

तमसा संकेत, संवाददाता

बाराबंकी। कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी की अध्यक्षता में विद्युत विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि 1912 हेल्पलाइन पर प्राप्त विद्युत आपूर्ति सम्बन्धी शिकायतों का त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। वर्तमान मौसम की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने विभागीय अधिकारियों व कर्मचारियों को सतर्क रहकर अवरोधित विद्युत आपूर्ति को शीघ्र बहाल करने के निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत



आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। साथ ही बिलिंग प्रतिशत को निर्धारित मानकों के अनुरूप बनाए रखने पर बल दिया। उन्होंने विद्यालयों के ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइनों को प्राथमिकता के आधार पर समयबद्ध ढंग से शिफ्ट करने के निर्देश भी दिए, ताकि छात्र-छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके। इसके अतिरिक्त जनपद में संचालित अन्य निर्माणाधीन महत्वाकांक्षी परियोजनाओं में विद्युत सम्बन्धी कार्यों को भी समयबद्ध एवं गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने के निर्देश दिए गए।

**घटना :** 1 घंटे हाथ-पैर रगड़ते रहे, पीलीभीत में करंट लगने से जान गई थी

# मरी महिला को बालू में गाड़कर जिंदा करने की कोशिश

तमसा संकेत, एजेंसी

पीलीभीत। पीलीभीत से एक हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है। यहां मंगलवार सुबह एक महिला की करंट लगने से मौत हो गई। महिला सुबह-सुबह पड़ोसी महिलाओं के साथ खेत गई थी। पूर्व प्रधान के खेत के चारों तरफ बंधे तार में दौड़ रहे करंट की चपेट में आ गई।

परिजनों को पता चला तो महिला को जिंदा करने के लिए उसे बालू में गाड़ दिया। हाथ, तलवे और सिर को छोड़कर पूरे शरीर को बालू में दबा दिया। करीब एक घंटे तक उसके हाथ-पैर रगड़ते रहे। सिर पर बालू रगड़ते रहे। आसपास मौजूद लोग और पुलिस वाले उन्हें समझाने की कोशिश करते रहे, लेकिन उन्होंने एक न सुनी। बाद में जब महिला ने कोई हरकत नहीं की तब जाकर उन्होंने शव पुलिस के हवाले किया। पुलिस





ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवाया। परिजनों ने पूर्व प्रधान के खिलाफ तहरीर देने की बात कही है। घटना खजुरिया नवीराम गांव की है। दरअसल, नवीराम गांव में बेचेलाल (49), पत्नी अनीता देवी (45) और 3 बच्चों शिवम (9), भारत (8) और बेटी स्वानी (4) के साथ रहते हैं। मंगलवार सुबह 5.30 बजे अनीता पड़ोस की 2 महिलाओं के साथ शौच के लिए खेत गई थी। रास्ते में गांव के पूर्व प्रधान शिव प्रसाद का खेत था, उन्होंने मक्के के खेत के चारों ओर तार बांध रखे हैं। फसल को आवारा पशुओं से बचाने के लिए खेत की बाड़बंदी कर उसमें बिजली का करंट छोड़ रखा है। अनीता तार की चपेट में आ गई। उसकी मौके पर ही मौत हो गई। महिलाएं भागकर वापस आईं और बेचेलाल और पड़ोसियों को पूरी बात बताई। आनन-फानन में अनीता को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बिलसंडा ले गए, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

> थानाध्यक्ष सिद्धांत शर्मा ने बताया-शव का पंचनामा भरकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों की पुष्टि होगी। परिजनों की तहरीर और रिपोर्ट के आधार पर निष्पक्ष विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### 'करंट लगने व्यक्ति को मारना-पीटना या मिट्टी में दबाना मिथ'

लखनऊ के बलरामपुर अस्पताल के ईएमओ डॉक्टर सर्वेश सिंह ने बताया-ये सब मिथ हैं। अक्सर लोग करंट लगने पर पीड़ित को लकड़ी से मारना-पीटना शुरू कर देते हैं। कई मामलों में उन्हें मिट्टी में दबाकर रखते हैं। इससे अस्पताल ले जाने में और देरी हो जाती है। ऐसे में यदि जान बचने की उम्मीद हो तो भी देर हो जाती है। कई बार लोग करंट लगने के बाद मारे-पीटे जाने से सदमे चले जाते हैं। इसलिए जब भी किसी को करंट लगने की घटना हो तो बिना देरी के डॉक्टर के पास ले जाएं।

# आईटीआई छात्र का कुएं में मिला जला हुआ शव

## शरीर पर एक कपड़ा भी नहीं था, शामली में खेत पर सोने गया था

तमसा संकेत, एजेंसी

शामली । शामली में एक आईटीआई छात्र की हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसका शव कुएं में फेंक दिया। शव पूरी तरह जला हुआ था और शरीर पर एक भी कपड़ा नहीं था।

शव घर से करीब 1500 मीटर दूर मिला। बताया जा रहा है कि छात्र सोमवार रात घर से कुछ दूरी पर पशुओं के लिए बने घेर में सोने गया था। घटना की सूचना मिलते ही एसपी और सीओ पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। रस्सी की मदद से शव को कुएं से बाहर निकलवाया गया और पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया।

मृतक अपने परिवार का इकलौता बेटा था। मामला ऊन थाना क्षेत्र का





है। लक्ष्मीपुरा गांव में सुखवीर अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह शिक्षा मित्र हैं। परिवार में पत्नी, इकलौता बेटा गोविंद (20) और तीन बेटियां हैं। बेटियों में मुरली (17) और सलोनी (14) घर पर रहती हैं, जबकि तीसरी बेटी को सुखवीर ने अपनी बहन को गोद दे रखा है।

गोविंद आईटीआई का छात्र था। घर से करीब 400 मीटर दूर खेत में पशुओं के लिए एक घेर बना हुआ है। सोमवार रात करीब 11:30 बजे वह वहीं सोने गया था।

मंगलवार सुबह करीब 5 बजे परिजन पशुओं को चारा डालने घेर पर पहुंचे, लेकिन गोविंद वहां नहीं मिला। उसकी चारपाई बिछी हुई थी। मच्छरदानी लगी थी और मोबाइल भी सिरहाने रखा हुआ था।

परिजनों ने कुछ देर तक इंतजार किया। जब गोविंद वापस नहीं आया तो उसकी आसपास तलाश शुरू की गई, लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। सुबह करीब 8:30 बजे खेतों में धान की रोपाई कर रहे मजदूरों ने कुएं में एक शव देखा।

## यूपी से दबोचकर सूरत ले गई पुलिस ■ एसबीआई बैंक में दिनदहाड़े डकैती की थी

# 52 लाख लूटने वाले 2 डकैत अरेस्ट

**शिकंजा**

■ जांच के दौरान तीन संदिग्ध मोबाइल नंबर भी मिले। इनकी लोकेशन लुटेरों की गतिविधियों से मेल खाती है।




तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। यूपी में अयोध्या और गोंडा से 2 बदमाशों को गुजरात क्राइम ब्रांच (DCB) ने दबोचा है। इनकी पहचान अयोध्या के रहने वाले शुभम कुमार और गोंडा के विकास सिंह के रूप में हुई है।

दोनों ने अपने 5 अन्य साथियों के साथ मिलकर 27 अप्रैल को सूरत SBI बैंक में दिनदहाड़े डकैती डाली थी। सबके चेहरे खुले थे। हाथ में पिस्टल थी। 13 मिनट में 52 लाख रुपए लूट लिए थे। गुजरात पुलिस ने आरोपियों को गोंडा कोर्ट में पेश किया, यहां से उन्हें 3 दिन की ट्रांजिट रिमांड मिली। पुलिस अपने साथ सूरत ले गई।

सूरत के वराछा इलाके स्थित स्टेट बैंक ऑफ इंडिया (SBI) शाखा में 7 हथियारबंद लुटेरे घुस गए। उन्होंने बैंक पर धावा बोला और कर्मचारियों को बंदूक की नोक पर बंधक बना लिया। लुटेरे करीब 13 मिनट तक बैंक में रहे और 52 लाख रुपए लूटकर फरार हो गए।

इसके बाद पुलिस ने तकनीक और सीसीटीवी फुटेज की मदद से जांच शुरू की। लूट के दौरान लुटेरों के बीच हुई बातचीत से पता लगा कि आरोपी यूपी के हो सकते हैं। इसके बाद पुलिस ने उन इलाकों के मोबाइल टावर डेटा खंगाले, जहां लुटेरे रुके और जिन रास्तों से वे भागे।

16 अप्रैल को आरोपी एयरपोर्ट रोड पर लगे ANPR (ऑटोमैटिक नंबर प्लेट रिकग्निशन) कैमरे में कैद हुए थे। इसके बाद डकैती के समय वे CCTV फुटेज में भी नजर आए। इन्हीं सुरागों के आधार पर पुलिस आरोपियों तक पहुंची और जांच को आगे बढ़ाया। सभी लुटेरों को पकड़ने के लिए 120 से ज्यादा पुलिसकर्मी लगातार काम कर रहे हैं।

### फर्जी आईडी से खरीदी बाइक, सीसीटीवी और एएनपीआर से मिले सुराग

पुलिस जांच में पता चला कि लुटेरों ने तेलंगाना से एक चोरी की बाइक फर्जी ID के जरिए खरीदी थी। यह ID 'धीरज कुमार' के नाम से बनाई गई थी, जिसका इस्तेमाल वारदात की साजिश में किया गया।



■ सीसीटीवी फुटेज में अन्य तीन लुटेरे पैदल जाते हुए नजर आए थे।

### नकली आधार कार्ड पर लिया था कमरा

पुलिस जांच में पता चला कि लुटेरे डकैती से करीब एक महीने पहले सूरत पहुंचे थे। उन्होंने रांदेर क्षेत्र में बॉटनिकल गार्डन के पास उगाट गांव के भरवाड़ वास में कमरा किराए पर लिया था। इसके लिए नकली आधार कार्ड का इस्तेमाल किया गया। मकान मालिक को आधार कार्ड दिखाकर एडवांस किराया दिया गया। लेकिन लूट से 10 दिन पहले, यानी 17 अप्रैल को ही आरोपी कमरा खाली कर चुके थे। बाद में जांच में सामने आया कि दिया गया आधार कार्ड पूरी तरह फर्जी था।

## लड़के की मौत पर सरकारी डॉक्टर को दौड़ाकर पीटा

तमसा संकेत, एजेंसी



नितेश, मृतक

कुशीनगर। कुशीनगर में सांप के डसने से 14 साल के लड़के की मौत हो गई। सरकारी अस्पताल में देर से इलाज मिलने और डॉक्टर के नशे में होने का आरोप लगाकर घरवालों ने जमकर हंगामा किया। भीड़ से डरकर सरकारी डॉक्टर 5 फीट ऊंची दीवार से फांदकर खेत की तरफ भागा। लोगों ने 500 मीटर तक खेत में दौड़ाकर पकड़ लिया और जमकर पीटा।

सूचना पर एसडीएम, तहसीलदार कई थानों की पुलिस के साथ मौके पर पहुंचे और डॉक्टर को भीड़ से छुड़ाया। डॉक्टर को पुलिस की गाड़ी में बैठाया गया, लेकिन गुस्साए लोग गाड़ी को आगे नहीं बढ़ने दे रहे थे। बाद में SDM के आश्वासन पर लोग शांत हुए और शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा गया। मामला अहिरौली थाना क्षेत्र का है।

कोटवा गांव के रहने वाले विजेंद्र मजदूरी करते हैं। घर में पत्नी सुमन देवी और 2 बेटे थे। घर के पास में ही एक झोपड़ी में विजेंद्र की मां रहती हैं, जो पैरालाइज्ड हैं। मंगलवार को विजेंद्र का बड़ा बेटा नितेश दादी के पास कुछ सामान लेने गया था। वहां उसे सांप ने डस लिया। नितेश दौड़कर घर पहुंचा और बताया कि मुझे भूरे रंग के सांप ने डस लिया है। घरवालों ने 10 मिनट में नितेश को सीएचसी सुकरौली पहुंचा दिया। घरवालों का कहना है कि यहां तुरंत बेटे का इलाज शुरू नहीं हुआ।

■ कुशीनगर में सांप ने डस लिया था, मां बोली- बेटा एक बार 'अम्मा' कह दो

**फास्ट न्यूज**

### सुसाइड नोट ने मौत से बचाया, मेटा ने भेजा अलर्ट

आगरा। जैतपुर निवासी 17 साल का छात्र इंस्टाग्राम फ्रेंड से ब्रेकअप के बाद डिप्रेशन में आ गया। लड़की से मिलने से मना किया तो उसने सुसाइड करने की ठान ली। इंस्टाग्राम पर सुसाइड नोट पोस्ट कर दिया। लिखा- मम्मी आपको तकलीफ नहीं देना चाहता था, इसलिए मौत का कारण इस लेटर में लिखता जा रहा हूं।

मुझे माफ कर देना। इस सुसाइड नोट ने ही छात्र की जिंदगी बचा ली।

### पीएसआईटी में 20 हजार की सिक्योरिटी मनी पर बवाल

कानपुर । कानपुर के भौंती स्थित प्राणवीर सिंह इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी में सोमवार को छात्रों ने जमकर हंगामा किया। मामला फीस के साथ 20 हजार रुपए अतिरिक्त सिक्योरिटी मनी जमा कराने की मांग का था। जैसे ही छात्रों को इस अतिरिक्त राशि की जानकारी मिली, सैकड़ों छात्र कैंपस की सड़कों पर उतर आए और कॉलेज प्रशासन के खिलाफ विरोध प्रदर्शन शुरू कर दिया। छात्रों का आरोप है कि यह 20 हजार रुपए अटेंडेंस के नाम पर लिए जा रहे थे। उन्हें बताया गया था कि अगर 90 प्रतिशत उपस्थिति नहीं रही तो यह रकम जब्त कर ली जाएगी।

### कानपुर ग्रामीण सपा जिला अध्यक्ष का इस्तीफा

कानपुर। कानपुर में समाजवादी पार्टी (सपा) की ग्रामीण जिला इकाई के अध्यक्ष मुनींद्र शुक्ला ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। सोमवार को वह लखनऊ पहुंचे और प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल को अपना इस्तीफा सौंप दिया। अब वह बिठूर विधानसभा सीट से चुनाव लड़ने की तैयारी कर रहे हैं।

## जनता की हर समस्या मेरी अपनी समस्या : केशव प्रसाद

तमसा संकेत, संवाददाता



■ प्रयागराज में 'जनता दर्शन' कार्यक्रम में उपमुख्यमंत्री ने सुनी समस्याएं, अधिकारियों को दिए त्वरित समाधान के निर्देश

प्रयागराज/लखनऊ। उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मंगलवार को प्रयागराज स्थित सर्किट हाउस में 'जनता दर्शन' कार्यक्रम का आयोजन किया, जिसमें बड़ी संख्या में लोग अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। उपमुख्यमंत्री ने सभी फरियादियों की बातें गंभीरता से सुनीं और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि क्षेत्रीय स्तर की समस्याओं का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जाए और जिन मामलों में शासन स्तर पर कार्रवाई की आवश्यकता हो, उन्हें पूरी रिपोर्ट और आवश्यक दस्तावेजों के साथ तत्काल लखनऊ भेजा जाए ताकि समयबद्ध ढंग से निर्णय लिया जा सके। जनता से संवाद के दौरान उन्होंने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी प्रकार की लापरवाही या शिथिलता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने कहा कि विकास का पहला कदम जनता है और जनता की हर समस्या उनकी अपनी समस्या है। सरकार और प्रशासन जनसेवा के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध हैं और प्रयागराज का सर्वांगीण विकास सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है।

## मथुरा में बहन की देवरानी से रेप की कोशिश, विरोध पर मार दिया था

# महिला को जिंदा जलाने वाले को फांसी की सजा

तमसा संकेत, एजेंसी

मथुरा । मथुरा जिला कोर्ट ने घर में घुसकर महिला को जिंदा जलाने वाले आरोपी को फांसी की सजा सुनाई है। कोर्ट ने 1.30 लाख रुपए का जुर्माना भी लगाया है। जिला जज विकास कुमार की कोर्ट ने एक साल की सुनवाई के बाद सुनाया है।

आरोपी ने 11 मार्च 2025 को अपनी बहन की देवरानी के साथ रेप करने की कोशिश की थी। जब महिला ने विरोध किया, तो पेट्रोल डालकर जिंदा जला दिया। इस दौरान वह भी झुलस गया। दोनों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया। इलाज के दौरान महिला की मौत हो गई थी।

मरने से पहले महिला के बयान के आधार पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार किया। 10 गवाहों की गवाही और सबूतों के आधार पर कोर्ट ने आरोपी को फांसी की सजा सुनाई है। आरोपी और पीड़िता के बीच अफेयर भी था। भागने के दौरान उमेश पहली मंजिल से गिर गया, जिससे उसका पैर फ्रैक्चर हो गया।



उमेश, आरोपी

■ मथुरा में जिला जज विकास कुमार की अदालत ने आरोपी उमेश को फांसी की सजा सुनाई है।



■ पुलिस ने जांच में आरोपी के खिलाफ सारे सबूत इकट्ठा किए, जिसके आधार पर आरोपी को फांसी की सजा सुनाई गई।

### साड़ी पहनकर घर में घुसा था

हरियाणा के पलवल का रहने वाला उमेश 11 मार्च 2025 को फरह थाना क्षेत्र के एक गांव में अपनी बहन के घर पहुंचा। वह साड़ी पहनकर महिला के भेष में दोपहर 12 बजे घर में घुसा। घर में उस वक्त उमेश की बहन की देवरानी अकेले थी। पहली मंजिल पर मौजूद अपनी बहन की देवरानी को उमेश ने दबोच लिया। उमेश ने महिला के साथ रेप करने की कोशिश की। महिला ने खुद को बचाने के लिए उमेश का विरोध किया। वह चीखने-चिल्लाने लगी।

जब उमेश रेप नहीं कर पाया, तो उसने महिला पर पेट्रोल डालकर आग लगा दी। घटना में महिला 80 प्रतिशत झुलस गई। वहीं, उमेश खुद आग की चपेट में आ गया।

## टहलने निकले थे, घर से 200 मीटर दूर घात लगाकर बैठे थे 3 बदमाश

# प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या

■ हमला करने वाले गांव के ही अजय और योगेंद्र थे। तीसरा शख्स आरोपियों का रिश्तेदार है।

तमसा संकेत, एजेंसी

मुरादाबाद। मुरादाबाद में सोमवार की शाम प्रॉपर्टी डीलर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। वह अकेले टहलने निकले थे। घर से 200 मीटर दूर रास्ते में पहले से घात लगाए बैठे तीन बदमाशों ने पहले धारदार हथियार से हमला किया। फिर गोली मार दी। इसके बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। घटना की जानकारी होते ही पुलिस तुरंत मौके पर पहुंची। एसपी ग्रामीण कुंवर आकाश भी घटनास्थल पर पहुंचे। फॉरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया। बताया जा रहा है कि आरोपी गांव के रहने वाले हैं।



रंजीत चौहान, मृतक



■ पुलिस प्रॉपर्टी डीलर को अस्पताल लेकर पहुंची, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

### बचने के लिए पड़ोसी के घर भागा, घुसकर मारी गोली

बिलारी थाना क्षेत्र में कमालपुर चांदोरा निवासी रंजीत चौहान (33 साल) पुत्र सुरेश पाल सिंह प्रॉपर्टी डीलिंग का काम करते थे। बड़े भाई पिंकू चौहान का कहना है कि सोमवार की देर शाम करीब 7 बजे खाना खाने के बाद रंजीत टहलने के लिए घर से निकले थे। मैं सब्जी लेकर घर आ रहा था। सब्जी खरीदकर वापस लौट रहा था, तभी देखा कि घर से करीब 200 मीटर दूरी पर 3-4 लोग मेरे भाई रंजीत पर हमला कर रहे हैं। हमलावरों ने पहले धारदार हथियार से भाई के सिर पर वार किया। यह देख मैं शोर मचाते हुए बचाने के लिए दौड़ा। तभी भाई रंजीत बचने के लिए गांव में रहने वाले मुनेश पाल के घर के अंदर घुस गए। आरोपी भी पीछे से घुस गए। इसके बाद आरोपियों ने रंजीत के सिर में गोली मार दी। फिर फरार हो गए।

**सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची। इसके बाद एंबुलेंस से रंजीत को सीएचसी बिलारी लाया गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद पुलिस आरोपियों की तलाश में दबिश दे रही है। पत्नी नेहा ने बताया कि वह हर रोज खाने के बाद टहलने जाते थे।**

## शिक्षा मित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण का भव्य समारोह संपन्न

### दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ

तमसा संकेत, संवाददाता

मथुरा। बेसिक शिक्षा विभाग, जनपद-मथुरा के तत्वावधान में "शिक्षा मित्र सम्मान एवं बढ़े हुए मानदेय वितरण" का भव्य शुभारंभ समारोह दिनांक 5 मई 2026 को प्रातः 10 बजे पंचजन्य प्रेक्षागृह, डीम्पियर नगर में गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, अधिकारियों एवं बड़ी संख्या में शिक्षा मित्रों की उपस्थिति रही। इस अवसर पर माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा गोरखपुर में आयोजित शिक्षामित्र सम्मान एवं बढे हुए मानदेय वितरण कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मा. मंत्री चौधरी लक्ष्मीनारायण (गन्ना विकास एवं चीनी मिल, उ.प्र. सरकार) एवं सभी विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्ज्वलन कर समारोह का शुभारंभ किया। अपने संबोधन में उन्होंने शिक्षा मित्रों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है और शिक्षा मित्रों का सम्मान एवं मानदेय वृद्धि उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।



इस अवसर पर पीएमश्री उच्च प्राथमिक विद्यालय बाटी, प्राथमिक विद्यालय विर्जापुर, प्राथमिक विद्यालय सनोरा, प्राथमिक विद्यालय गढ़ी रौसु के छात्र छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कार्यक्रमों ने सभी का मन मोह लिया।

**विशिष्ट अतिथियों में मा. विधायक मेघश्याम, मा. विधायक पूरन प्रकाश, मा. सांसद प्रतिनिधि जनार्दन शर्मा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया और शिक्षा मित्रों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। सभी जनप्रतिनिधियों द्वारा सरकार के गत 10 वर्षो के शानदार कार्यकाल का उल्लेख किया गया। विशेष आमंत्रित अतिथि के रूप में जिलाधिकारी श्री चंद्र प्रकाश सिंह एवं मुख्य विकास अधिकारी डॉ. पूजा गुप्ता ने शिक्षा मित्रों को सम्मानित करते हुए कहा कि उनकी मेहनत और समर्पण से प्राथमिक शिक्षा की गुणवत्ता में निरंतर सुधार हो रहा है।**

## पृष्ठ 01 का शेष...

### 'मैं इस्तीफा नहीं ...

हम फिर से उभरेंगे और शेर की तरह लड़ेंगे। पश्चिम बंगाल सहित 5 राज्यों के विधानसभा चुनाव के नतीजे सोमवार को आ चुके हैं। बंगाल में भाजपा ने 293 में से 207 सीटें जीत ली हैं। पार्टी 9 मई को राज्य में पहली बार सरकार बनाने जा रही है। TMC सिर्फ 80 सीटें जीत सकी। 15 साल बाद ममता के हाथ से सत्ता चली गई है।

ममता बोलीं-चुनाव से दो दिन पहले हमारे लोगों को गिरफ्तार किया गया। जगह-जगह छापे मारे गए। IPS-IAS अधिकारियों का तबादला किया गया। प्रधानमंत्री और गृह मंत्री इसमें सीधे तौर पर शामिल हैं।

मैंने राजीव गांधी, मनमोहन सिंह, वाजपेयी सहित कई सरकारें देखीं, लेकिन ऐसा अत्याचार कभी नहीं देखा। अत्याचार की कोई सीमा नहीं रही। यहां लोगों को प्रताड़ित किया गया।

पहले राउंड की काउंटिंग के बाद ही वे कहने लगे कि भाजपा 195-200 सीटें जीत रही है। अंतिम नतीजे का इंतजार नहीं किया। BJP वालों ने पोलिंग स्टेशन के अंदर घुसकर लोगों और काउंटिंग एजेंट्स को पीटना शुरू कर दिया।

तमिलनाडु CM एमके स्टालिन ने मंगलवार शाम चेन्नई की कोलाथुर विधानसभा क्षेत्र में रोड शो किया। स्टालिन यहां से चुनाव हार गए हैं। वे 2011 से लगातार यहां से विधायक रहे। यह सीट चेन्नई नॉर्थ लोकसभा क्षेत्र का हिस्सा है और पेरंबूर, विल्लिवक्कम और माधवरम के बीच स्थित है।

पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री चेहरे को लेकर चल रही अटकलों के बीच BJP के नव निर्वाचित विधायक दिलीप घोष ने कहा है कि पार्टी के पास 208 विधायक हैं और उनमें से कोई भी मुख्यमंत्री बन सकता है।

### केरलम में कांग्रेस ...

दो मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और एमके स्टालिन अपनी सीट से चुनाव हार गए।

### अमेरिकी विमान कतर ...

फ्लाइट डेटा के मुताबिक, विमान कुछ देर तक आसमान में चक्कर लगाता रहा और फिर नीचे उतरने लगा।

अभी तक यह साफ नहीं है कि विमान में क्या खराबी आई थी। यह भी नहीं पता कि यह कोई तकनीकी समस्या थी या कुछ और। अमेरिका ने इसे लेकर जानकारी शेयर नहीं की है।

ईरान ने UAE के फुजैराह में एक पेट्रोलियम प्लांट पर ड्रोन हमला किया। इससे इंडस्ट्री एरिया में आग भड़क उठी। इसमें 3 भारतीय भी घायल हुए हैं।

अमेरिका ने होर्मुज के आसपास प्रोजेक्ट फ्रीडम पहल शुरू किया। इसके तहत होर्मुज में फंसे विदेशी जहाजों को सुरक्षित बाहर निकालने में मदद करने का वायदा किया गया है। होर्मुज स्ट्रेट में दक्षिण कोरिया के एक जहाज पर हमला हुआ जिससे आग लग गई। ट्रम्प का कहना है कि यह हमला ईरान ने किया। किसी के हताहत होने की खबर नहीं है।

### सुप्रीम कोर्ट में जजों ...

फिलहाल सुप्रीम कोर्ट में 92 हजार से ज्यादा मामले लंबित हैं।

केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि फिलहाल अदालत में 33 न्यायाधीश और एक मुख्य न्यायाधीश हैं। संसद के आगामी सत्र में इस संबंध में एक विधेयक पेश किया जाएगा। विधेयक के पारित होने के बाद मुख्य न्यायाधीश सहित सुप्रीम कोर्ट के जजों की कुल संख्या 38 हो जाएगी। यह फैसला न्यायालय में लंबित मामलों के बोझ को कम करने और न्याय प्रक्रिया को तेज करने के उद्देश्य से लिया गया है।

सुप्रीम कोर्ट (न्यायाधीशों की संख्या) अधिनियम 1956 में मूल रूप से मुख्य न्यायाधीश को छोड़कर 10 न्यायाधीशों का प्रावधान था। 1960 में इसे 13 और बाद में 17 किया गया। 1986 के संशोधन से संख्या 25 हो गई और 2009 में इसे 30 कर दिया गया। इस प्रस्ताव के बाद न्यायपालिका को मजबूत करने की दिशा में एक अहम उठाया गया है, जो देश के न्यायिक ढांचे को और अधिक प्रभावी बनाने में सहायक सिद्ध होगा।

### महिला और चार...

इस स्थिति में पुलिस को खुद सुपुर्द-ए-खाक की तैयारी करनी पड़ी।

एसपी प्राची सिंह ने बताया कि शुरुआत में परिजन शव लेने से इनकार कर रहे थे, लेकिन बाद में सामाजिक दबाव और लोकलाज के कारण परिवार ने अंतिम संस्कार किया।

उन्होंने कहा कि पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से पूरी कराई गई।

पुलिस के अनुसार, 2 मई को आमिर ने एक महिला और उसके चार बच्चों की हत्या की थी। वह महिला से शादी कर उसकी जमीन हड़पना चाहता था। इनकार मिलने पर उसने वारदात को अंजाम दिया।सोमवार सुबह पुलिस एनकाउंटर में आमिर मारा गया। इसके बाद शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा गया।

### सनातन का अपमान ...

दरअसल, सीएम योगी मंगलवार को जंगल बेनी माधव में नवनिर्मित कल्याण मंडपम (कन्वेंशन सेंटर) का उद्घाटन तथा गोरखपुर के विकास से जुड़ी 612.32 करोड़ रुपये की 71 परियोजनाओं का लोकार्पण/शिलान्यास करने के बाद उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे. इस दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि अच्छी सरकार ही अच्छा परिणाम लाती है. अच्छी सरकार न होने पर परिणाम पश्चिम बंगाल जैसा होता है.

यूपी व गोरखपुर में वर्ष 2017 के बाद से जारी विकास व जनकल्याण कार्यों का उल्लेख करते हुए सीएम ने कहा कि जब नीयत साफ, नीति स्पष्ट और कुछ करने का दृढ़ संकल्प हो तो सार्थक परिणाम भी आते हैं. आज यही परिणाम गोरखपुर समेत उत्तर प्रदेश में दिख रहे हैं.

सीएम ने आगे कहा कि महेसरा से लखनऊ जाने के लिए जल्द ही माधोपुर, हाबर्ट बंधा होते हुए राजघाट तक के लिए फोर-लेन कनेक्टिविटी मिल जाएगी. तब महेसरा से राजघाट जाने में महज पांच मिनट लगेंगे, फोर-लेन बनने से तटबंध भी सुदृढ़ होगा. पहले गोरखपुर से लखनऊ जाने में 8-9 घंटे लगते थे, आज यह दूरी तीन-साढ़े तीन घंटे में पूरी हो जाती है. वाराणसी जाने में लगने वाला समय भी घटकर ढाई घंटे हो गया है. जंगल कौड़िया से जगदीशपुर तक बन रहे फोर-लेन बाईपास से महेसरा होकर कुशीनगर जाने में सिर्फ आधा घंटा लगेगा.

### 'कांग्रेस, सपा सरकारों ...

बरगदवा से नकहा होते हुए मोहद्दीपुर तक फोर-लेन सड़क बन गई है. महेश्वर में मुख्य मार्ग फोर-लेन होने से अब जाम नहीं लगता.

### '2027 में होगी ...

अखिलेश यादव ने कार्यकर्ताओं को संयमित भाषा और व्यवहार बनाए रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि भाजपा के "छलकपट" से निपटने के लिए सतर्क रहना होगा और मतदाता सूची पर नजर रखनी होगी, ताकि कोई गड़बड़ी न हो सके। उन्होंने कहा कि गरीबों के साथ खड़े होकर पीडीए को मजबूत करना जरूरी है। उनके अनुसार, पिछड़े, दलित, अल्पसंख्यक यानी जो भी पीड़ित, दुखी और अपमानित है, वही पीडीए का हिस्सा है। लखनऊ में दिए गए इस भाषण के जरिए अखिलेश यादव ने 2027 चुनाव की रणनीति, सामाजिक समीकरण और भाजपा के खिलाफ अपनी राजनीतिक लाइन साफ कर दी है।

### शिमला में तेज बारिश,...

7 से 9 मई तक वेस्टर्न डिस्टरबेंस थोड़ा कमजोर जरूर पड़ेगा, लेकिन इस दौरान अधिक ऊंचे व मध्यम ऊंचाई वाले कुछे क्षेत्रों में हल्की बारिश जारी रहने के आसार हैं। 10 मई और 11 मई को पूरे प्रदेश में अच्छी बारिश होगी।

वहीं, बीते 24 घंटे के दौरान भी अधिकांश भागों में बारिश और शिमला जिला के कई क्षेत्रों में भारी ओलावृष्टि हुई। धर्मशाला में सबसे ज्यादा 30.6 मिमी, कांगड़ा 29.4 मिमी, चौपाल 18.0, शिलारू 15.8, सराहन 15.5, पालमपुर 15.4, रोहड़ू 14.0, मंडी 13.4, जोगिंद्रनगर 9.0, कल्पा 7.2 और बरठी में 5.2 मिमी बारिश हुई।

# रोहित की छक्के से फिफ्टी, पंत का शून्य पर कैच छूटा, रघु ने 'राधे-राधे' लिखी पर्ची दिखाई

# मुंबई ने अपना सबसे बड़ा रनचेज किया

**मुकाबला**

**मुंबई, एजेंसी**

मुंबई इंडियंस ने IPL 2026 के 47वें मैच में लखनऊ सुपर जायंट्स को 6 विकेट से हरा दिया। वानखेड़े में खेले गए इस मुकाबले मुंबई ने IPL में अपना सबसे बड़ा रनचेज किया, जबकि लखनऊ ने पावरप्ले में अपना सबसे बड़ा स्कोर बनाया।

पांच मैचों बाद वापसी कर रहे रोहित शर्मा की विस्फोटक पारी देखने को मिली। इस मैच में उन्होंने 7 छक्कों की मदद से 84 रन बनाए। उन्होंने एम सिद्धार्थ की बॉल पर सिक्स लगाकर फिफ्टी पूरी की। वहीं लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत को शून्य के स्कोर पर जीवनदान मिला। विकेटकीपर रायन रिकेल्टन से उनका कैच ड्रॉप हुआ। निकोलस पूरन ने वानखेड़े स्टेडियम में 16 गेंद पर फिफ्टी पूरी की। यह IPL में 5वीं बार है, जब उन्होंने 20 से कम बॉल पर फिफ्टी लगाई है। इस लिस्ट में सनराइजर्स हैदराबाद के अभिषेक शर्मा टॉप पर हैं, जिन्होंने 6 बार यह कारनामा किया है। लखनऊ की पारी 9वें ओवर में ऋषभ पंत आउट होने से बाल-बाल बच गए। कॉर्बिन बॉश ने ओवर की तीसरी गेंद बैक-ऑफ-लेंथ डाली। पंत ने शॉट खेला, गेंद उनके बल्ले का निचला किनारा लेकर विकेट-कीपर रिकेल्टन के पास गई।



> लखनऊ के खिलाफ मुंबई की टीम में बड़ा बदलाव दिखा। कप्तान हार्दिक पंड्या ये मैच नहीं खेले, उनकी जगह सूर्यकुमार यादव टॉस के लिए आए। टीम में दो बदलाव भी हुए। कॉर्बिन बॉश और रोहित शर्मा की टीम में वापसी हुई। ट्रेंट बोल्ट को प्लेइंग-11 से बाहर रखा गया।

## मुंबई ने आईपीएल में अपना सबसे बड़ा रन चेज किया

लखनऊ के खिलाफ मुंबई ने 229 रन का टारगेट 18.4 ओवर में हासिल कर लिया। यह IPL में मुंबई का सबसे बड़ा रन चेज है। इससे पहले इसी सीजन में टीम ने कोलकाता के खिलाफ 221 रन का टारगेट हासिल किया था। लखनऊ ने मुंबई के खिलाफ पावरप्ले में एक विकेट खोकर 90 रन बनाए। यह IPL में उनका बेस्ट पावरप्ले स्कोर है। इससे पहले 2023 में उन्होंने चेन्नई सुपर किंग्स के खिलाफ एक विकेट के नुकसान पर 80 रन बनाए थे।



सूर्या रेगुलर कप्तान हार्दिक पंड्या की जगह टॉस करने आए। पंड्या बीमार थे।

## रोहित-रिकेल्टन की मुंबई के लिए तीसरी सेंचुरी पार्टनरशिप

लखनऊ के खिलाफ रोहित शर्मा और रायन रिकेल्टन पहले विकेट के लिए 143 रन जोड़े। यह IPL में दोनों के बीच तीसरी शतकीय साझेदारी है, जो इस मामले में सबसे सफल जोड़ी है। यह मुंबई की किसी भी विकेट के लिए पांचवी सबसे बड़ी साझेदारी भी है।

## बड़ा स्कोर बनाने के बावजूद ऋषभ पंत ने बैटर्स को ठहराया दोषी

नई दिल्ली। लखनऊ सुपरजायंट्स के लिए आईपीएल 2026 किसी बुरे सपने की तरह बीत रहा है। रिकॉर्ड कीमत वाले ऋषभ पंत के नेतृत्व में एलएसजी को सोमवार को मुंबई इंडियंस के हाथों 8 गेंदें शेष रहते 6 विकेट की शिकस्त सहनी पड़ी। मौजूदा आईपीएल में एलएसजी की यह सातवीं हार रही।

लखनऊ ने वानखेड़े स्टेडियम पर पहले बल्लेबाजी करके निर्धारित 20 ओवर में 5 विकेट खोकर 228 रन बनाए। जवाब में मुंबई ने 18.4 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। लखनऊ के कप्तान ऋषभ पंत ने मुंबई के खिलाफ मिली हार के लिए अपने बल्लेबाजी विभाग की कमी गिनाई। मैच के बाद पंत ने कहा, 'हमने जिस तरह शुरूआत की, उस हिसाब से हमें ज्यादा रन बनाने चाहिए थे। मुंबई के गेंदबाजों ने अच्छी गेंदबाजी की और वो इस तरह की परिस्थितियों को पहचानते हैं। निश्चित ही हमने 10-15 रन कम बनाए। इस तरह की पिच पर आप गेंदबाजों को दोषी नहीं ठहरा सकते।



उन्होंने शानदार काम किया। हमें कुछ भाग्य की जरूरत है। हमें जीतने के लिए ज्यादा प्रयास करने की जरूरत है।' लखनऊ सुपरजायंट्स की टीम अपने लचर प्रदर्शन के कारण मौजूदा लीग के प्लेऑफ की रेस से लगभग बाहर हो चुकी है। एलएसजी की टीम प्वाइंट्स टेबल में आखिरी स्थान पर है और उसके केवल 4 अंक हैं। लखनऊ ने 9 मैचों में से सात गंवा दिए हैं। अगर उसे प्लेऑफ में पहुंचना है तो चमत्कार करना होगा। 'पंत ब्रिगेड' को अपने आने वाले सभी लीग मैच जीतना होंगे। इसके अलावा उसे अन्य टीमों के नतीजों पर भी निर्भर रहना होगा। वहीं, मुंबई इंडियंस ने 10 मैचों में तीसरी जीत दर्ज करके खुद को प्लेऑफ की रेस में बरकरार रखा है।

# फटकार : मुझसे दोबारा मत कहना, स्वीकार नहीं है

## सुनील गावस्कर ने जसप्रित बुमरा को जमकर लगाई लताड़

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस के प्रमुख तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के लिए आईपीएल 2026 अच्छा नहीं बीत रहा है। बल्लेबाजों के मन में खौफ भरने वाले बुमराह फिलहाल विकेटों के लिए संघर्ष कर रहे हैं। दाएं हाथ के तेज गेंदबाज ने 10 मैचों में केवल तीन विकेट चटकाए।

बुमराह के खराब प्रदर्शन का असर टीम पर साफ रूप से दिखाई दे रहा है। मुंबई इंडियंस ने सोमवार को बेशक लखनऊ सुपरजायंट्स को 6 विकेट से परास्त किया, लेकिन वो प्वाइंट्स टेबल में 6 अंकों के साथ 9वें स्थान पर हैं।

भारतीय टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने बुमराह के प्रदर्शन की जमकर आलोचना की। बुमराह ने 14वें ओवर में दो नो बॉल डाली, जिसकी वजह से उन्हें कुल 9 गेंदों का ओवर पूरा करना पड़ा। गावस्कर ने कहा कि टी20 क्रिकेट में नो बॉल डालना स्वीकार्य नहीं है। मुझे दोबारा मत कहिए। मुझे मत कहिए। मुझे मत कहिए कि बुमराह ने नो बॉल डाली है। यह स्वीकार्य नहीं है। बिलकुल भी स्वीकार नहीं कर सकता। आप पेशेवर क्रिकेटर हैं। यह स्वीकार्य नहीं है।



**बुमराह वानखेड़े स्टेडियम पर लखनऊ के खिलाफ भी बेरंग नजर आए। उन्होंने मैच में तीन नो बॉल डाली, जिसमें से दो पर विकेट मिले थे। यह दोनों नो बॉल एक ही ओवर में डाली। बुमराह ने मैच में 4 ओवर में 45 रन खर्च किए और कोई सफलता हासिल नहीं की। नो बॉल की गलती के कारण बुमराह ने आलोचनाओं को आमंत्रण दिया।**

## 'सूर्या की शानदार कप्तानी'

नई दिल्ली। मुंबई इंडियंस की टीम आईपीएल 2026 में जीत की पटरी पर लौटी। एमआई ने सोमवार को वानखेड़े स्टेडियम पर खेले गए लीग के 47वें मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को 8 गेंदें शेष रहते 6 विकेट से मात दी।

लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करके 228/5 का स्कोर बनाया। जवाब में मुंबई ने 18.4 ओवर में चार विकेट खोकर लक्ष्य हासिल किया। मुंबई ने सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में जीत हासिल की, जिन्होंने हार्दिक पांड्या की गैरमौजूदगी में कमान संभाली। इस जीत के साथ ही मुंबई ने प्लेऑफ की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।

पांच बार की चैंपियन ने शुरूआती 9 मैचों में से सात शिकस्त झेली। इस तरह एलएसजी के खिलाफ जीत से उसका विश्वास बढ़ा। सूर्यकुमार यादव ने कार्यवाहक कप्तान की भूमिका निभाई और टीम को शानदार जीत दिलाई। मैच के बाद एमआई के तेज गेंदबाज दीपक चाहर की बहन माल्ती का पोस्ट सोशल मीडिया पर वायरल हो गया।

# धोनी टीम के साथ दिल्ली नहीं गए

## चेन्नई में ही चल रही उनकी रिहैब, एक साल पहले आखिरी मैच खेले

**खेल**



धोनी ने 2025 में खेले 14 मैचों में 135 .17 की स्ट्राइक रेट से 196 रन बनाए थे।

**चेन्नई, एजेंसी**

एमएस धोनी दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ 6 मई को होने वाले मैच के लिए टीम के साथ नहीं गए हैं। काफ इंजरी से उबर रहे धोनी चेन्नई में ही रिहैबिलिटेशन जारी रखा। फ्रेंचाइजी ने अब तक धोनी के मैच खेलने को लेकर स्पष्ट बयान नहीं दिया है। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक, टीम के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि वे टूर्नामेंट के किसी स्टेज पर खेल सकते हैं। दिल्ली के खिलाफ मैच के बाद टीम 10 मई को लखनऊ सुपर जायंट्स, 15 मई को दिल्ली कैपिटल्स, 18 मई को सनराइजर्स हैदराबाद और 21 मई को गुजरात टाइटंस के खिलाफ आखिरी लीग मैच खेलेगी।



चेन्नई सुपर किंग्स के फैंस धोनी के खेलने का इंतजार कर रहे हैं।

## 2025 में धोनी अपना आखिरी मैच खेले

चेन्नई सुपर किंग्स के इस सीजन लीग स्टेज में अब सिर्फ 5 मैच बाकी हैं। धोनी अब तक एक भी मैच नहीं खेल पाए हैं। वे आईपीएल में अपना आखिरी मैच 25 मई 2025 को गुजरात टाइटंस के खिलाफ खेले थे।

## चेन्नई प्वाइंट्स टेबल में छठे स्थान पर मौजूद

चेन्नई सुपर किंग्स पॉइंट्स टेबल में छठे नंबर पर है। टीम ने 9 में से 4 मुकाबले जीते हैं और उसके 8 पॉइंट्स हैं। प्लेऑफ में जगह बनाने के लिए उसे बाकी मैचों में कम से कम में 4 जीत दर्ज करनी होगी।

**मनोरंजन**



## 'पुष्पा 2' मेकर्स ने उठाया बीड़ा, करीना कपूर होंगी हीरोइन!

# सुपरहीरो बन सिनेमाघरों में गदर मचाएंगे सलमान खान

नई दिल्ली। सलमान खान और राज & डीके एक सुपरहीरो फिल्म के लिए साथ आने वाले हैं, जिसे माइथ्री मूवी मेकर्स (mythri Movie Makers) प्रोड्यूस करेगा। इस प्रोजेक्ट की घोषणा के बाद से ही यह हाल के समय में हिंदी फिल्म इंडस्ट्री की सबसे एक्साइटिंग कोलैबोरेशन्स में से एक बन गया है। अब ताजा अपडेट के मुताबिक, फिल्म की फीमेल लीड के लिए करीना कपूर खान (kareena Kapoor Khan) के नाम पर सोचा जा रहा है। अगर करीना इस फिल्म से जुड़ती हैं, तो यह सलमान खान के साथ उनकी पांचवीं फिल्म होगी।

रिपोर्ट्स के मुताबिक, करीना कपूर खान फिल्ममेकर जोड़ी राज & डीके के साथ इस फिल्म के लिए एडवांस स्टेज की बातचीत में हैं और लीडिंग लेडी का रोल निभा सकती हैं। हालांकि, उन्होंने अभी तक फिल्म ऑफिशियली साइन नहीं की है, लेकिन बताया जा रहा है कि उन्होंने रोल को लेकर काफी एक्साइटमेंट दिखाया है और अपनी दिलचस्पी भी जाहिर की है।

### करीना-सलमान की 5वीं फिल्म

दिलचस्प बात यह है कि अगर यह कोलैबोरेशन फाइनल होता है, तो सलमान खान और करीना कपूर खान एक बार फिर साथ नजर आएंगे। इससे पहले दोनों बजरंगी भाईजान, क्योंकि..., मैं और मिसेज खन्ना और बॉडीगार्ड जैसी फिल्मों में साथ काम कर चुके हैं। अगर यह लोकप्रिय ऑन-स्क्रीन जोड़ी फिर साथ आती है, तो लंबे समय बाद दोनों को स्क्रीन शेयर करते देखना काफी रोमांचक होगा।

**अगर इस फिल्म में सलमान खान के साथ करीना कपूर की जोड़ी देखने को मिलती है, तो यह दर्शकों के लिए किसी बड़े ट्रीट से कम नहीं होगी। साथ ही राज और डीके की सुपरहिट जोड़ी इसमें चारचंद लगाने में कोई कसर नहीं छोड़ने वाली यह तो तय है।**



## राजा शिवाजी देख रहे फैंस से अचानक मिलने पहुंचे रितेश देशमुख

नई दिल्ली। रितेश देशमुख इस वक्त सफलता की सीढ़ी चढ़ रहे हैं। 1 मई 2026 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई उनकी फिल्म 'राजा शिवाजी' बॉक्स ऑफिस पर लगातार शानदार प्रदर्शन कर रही है। इंडिया के साथ-साथ यह फिल्म वर्ल्डवाइड भी सफलता का बिगुल बजा चुकी है।

'राजा शिवाजी' की सफलता के बीच अब रितेश देशमुख का एक वीडियो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो को देखने के बाद फैंस काफी इमोशनल हो गए हैं। सोशल मीडिया पर धड़ल्ले से वायरल हो रहे इस वीडियो को एक फैन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर शेयर किया है। इस वीडियो में रितेश देशमुख 'राजा शिवाजी' की चल रही स्क्रीनिंग के बीच फैंस को सरप्राइज देने के लिए थिएटर पहुंचे। रितेश देशमुख को अचानक सामने देखने के बाद फैंस ने उन्हें पूरी तरह से घेर लिया, उनकी परफॉर्मेंस की तारीफ करने लगे और उनके लिए चीयर करने लगे। 'राजा शिवाजी' के रूप में रितेश देशमुख को देखकर फैंस कितने ज्यादा खुश थे, इसका अंदाजा उनकी इलेक्ट्रिफाइंग एनर्जी से साफ लगाया जा सकता था। हालांकि, इस बीच जिस मोमेंट ने सोशल मीडिया यूजर्स को सबसे ज्यादा इमोशनल कर दिया, वह एक फैन का था।

# भूत बंगला ने एक साथ 3 फिल्मों पर किया घातक वार

**नई दिल्ली, एजेंसी**

'धुरंधर 2' के बाद अब 'भूत बंगला' का खौफ बॉक्स ऑफिस पर हर दिन बढ़ता ही जा रहा है। अक्षय कुमार स्टारर यह हॉरर-कॉमेडी फिल्म घरेलू बॉक्स ऑफिस पर तो ताबड़तोड़ कमाई कर ही रही है, लेकिन दुनियाभर में भी यह फिल्म एक के बाद एक तीर छोड़ रही है।

वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 200 करोड़ रुपये के क्लब में शामिल होने वाली 'भूत बंगला' (Bhooth Bangla) ने सोमवार को एक साथ तीन बड़ी फिल्मों के रिकॉर्ड्स ब्रेक कर दिए हैं।

'भूत बंगला' जब रिलीज हुई थी, तो पहले दिन मूवी की ओपनिंग 23.90 करोड़ रुपये के आसपास रही थी, जिससे यह लगा था कि फिल्म वर्ल्डवाइड ज्यादा दूर तक नहीं जा सकेगी। हालांकि, प्रियदर्शन और अक्की की जोड़ी ने सबको गलत साबित कर दिया, क्योंकि महज 16 दिनों के अंदर ही यह



फिल्म 200 करोड़ के क्लब में शामिल हो गई थी। रविवार तक फिल्म ने वर्ल्डवाइड बॉक्स ऑफिस पर 217 करोड़ रुपये के आसपास का बिजनेस कर लिया था। सैकनिल्क डॉट कॉम की रिपोर्ट के मुताबिक, 'भूत बंगला' ने सोमवार को भी 10 करोड़ रुपये के आसपास की कमाई की है। इसी के साथ दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म का कुल कलेक्शन 227.97 करोड़ रुपये तक पहुंच चुका है। 18 दिनों में 227.97 करोड़ रुपये की तगड़ी कमाई के साथ ही 'भूत बंगला' ने तीन बड़ी फिल्मों को बॉक्स ऑफिस पर धूल चटा दी है।




## हमले के बाद एयरस्पेट बंद हुआ तो फ्लाइट मस्कट डायवर्ट हुई, एक्ट्रेस बोलीं- ये जंग कब खत्म होगी


# मिसाइल अटैक से दुबई में फंसीं अमीषा पटेल

नई दिल्ली। दुबई में हुए नए मिसाइल हमलों का असर अमीषा पटेल पर पड़ा है। दरअसल, एक्ट्रेस हाल ही में न्यूयॉर्क से मुंबई के लिए रवाना हुई थीं। उनकी फ्लाइट दुबई में उतरनी थी, लेकिन अचानक हुए हमलों से फ्लाइट डायवर्ट कर दी गई और एक्ट्रेस मस्कट में फंस चुकी हैं।

अमीषा पटेल ने ऑफिशियल सोशल मीडिया अकाउंट से लिखा है, 'मैं न्यूयॉर्क से मुंबई वापस एमिरेट्स से आ रही थी। जैसे ही हम दुबई में उतरने वाले थे, यूएई में ताजा मिसाइल हमलों के कारण एयरस्पेस बंद कर दिया गया। अब हमें मस्कट डायवर्ड कर दिया गया है। हम आगे की जानकारी का इंतजार कर रहे हैं। ये युद्ध आखिर कब खत्म होगा।'

इसके अलावा भी अमीषा पटेल ने एक पोस्ट शेयर की है। इसमें उन्होंने दुबई एयरपोर्ट की तस्वीर के साथ लिखा है, 'दुबई एयरपोर्ट पर कई घंटे बीत चुके हैं और इंतजार अब भी जारी है। मैं मुंबई में घर वापस आने का इंतजार नहीं कर सकती।'




> बता दें कि ये पहली बार नहीं हैं। इससे पहले इजरायल-ईरान जंग के हालातों के बीच ईशा गुप्ता, दीया मिर्जा, सोनल चौहान, लारा दत्ता समेत कई एक्ट्रेसेस दुबई में फंस चुकी हैं।

## सुनकर लोग हंसने लगे तो कहा- मैं मजाक नहीं कर रहा, अभी बहुत काम करना बाकी है

# 8-9 साल और राष्ट्रपति रहूंगा : ट्रम्प

**बयान**

**वॉशिंगटन डीसी, एजेंसी**



अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने एक बार फिर से राष्ट्रपति बनने की इच्छा जताई है। व्हाइट हाउस में एक कार्यक्रम के दौरान ट्रम्प ने कहा कि वे 8-9 साल बाद पद छोड़ेंगे।

यह सुनकर वहां मौजूद लोग हंसने लगे तो ट्रम्प ने कहा कि वह मजाक नहीं कर रहे। उन्हें काम करना पसंद है। ट्रम्प ने यह भी कहा कि अभी उनके कार्यकाल की शुरुआत ही है और बहुत काम बाकी है। ट्रम्प अगले महीने 80 साल के हो जाएंगे। उन्होंने अपनी उम्र को लेकर भी मजाक किया। उन्होंने कहा, "मैं बुजुर्ग नहीं हूं; मैं बुजुर्ग से कहीं ज्यादा जवान हूं। मुझे आज भी वैसा ही महसूस होता है जैसा 50 साल पहले होता था।"ट्रम्प को तीसरी बार अमेरिकी राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव के लिए उतरना है तो उन्हें अमेरिकी संविधान में बदलाव करना होगा, जो इतना आसान नहीं है। ट्रम्प को इसके लिए अमेरिकी सीनेट और हाउस ऑफ रिप्रेजें-टेटिव दोनों में दो-तिहाई बहुमत से एक बिल पास कराना होगा।

### ट्रम्प को तीसरी बार राष्ट्रपति बनाने का बिल पेश, फिर आगे नहीं बढ़ पाया

इससे पहले एंडी ओगल्स ने 23 जनवरी 2025 को हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में एक बिल पेश किया था। इस बिल का मकसद अमेरिकी संविधान में बदलाव करके डोनाल्ड ट्रम्प के लिए तीसरी बार राष्ट्रपति बनने का रास्ता खोलना था। इस प्रस्ताव में कहा गया था कि जो व्यक्ति लगातार दो बार राष्ट्रपति नहीं रहा है, वह तीसरी बार चुनाव लड़ सके। चूंकि ट्रम्प 2020 में चुनाव हार गए थे, इसलिए इस बदलाव के बाद वे फिर से राष्ट्रपति बनने के लिए योग्य हो सकते थे। हालांकि यह बिल आगे नहीं बढ़ पाया और हाउस में वोटिंग तक भी नहीं पहुंच सका। दरअसल, अमेरिका में संविधान बदलना बहुत मुश्किल होता है। इसके लिए हाउस और सीनेट दोनों में दो-तिहाई बहुमत चाहिए होता है। मौजूदा हालात में रिपब्लिकन पार्टी के पास इतना बहुमत नहीं है। इसके अलावा, ऐसे बदलाव को लागू करने के लिए 50 में से कम से कम 38 राज्यों की मंजूरी भी जरूरी होती है। अभी कई राज्यों में विपक्षी डेमोक्रेट पार्टी की सरकार है, इसलिए इस तरह का प्रस्ताव पास होना बहुत मुश्किल माना जाता है।

### 73 साल पहले 2 बार राष्ट्रपति बनने का नियम बना

अमेरिका में पहले किसी व्यक्ति के सिर्फ 2 ही बार राष्ट्रपति बनने को लेकर कोई प्रावधान नहीं था। 1951 में संविधान में 22 संशोधन किया गया। इसके तहत ये नियम बनाया गया कि अमेरिका में कोई शख्स सिर्फ 2 बार ही राष्ट्रपति बन सकता है। दरअसल, अमेरिका के पहले राष्ट्रपति जॉर्ज वॉशिंगटन ने दो टर्म के बाद रिटायरमेंट ले लिया था। उसके बाद से राष्ट्रपति के दो टर्म से ज्यादा सेवाएं न देने का अनौपचारिक नियम ही बन गया। इसके बाद अमेरिका में यह प्रथा बन गई। 31 अमेरिकी राष्ट्रपतियों में से किसी भी राष्ट्रपति ने इस प्रथा को नहीं तोड़ा, लेकिन फ्रैंकलिन डी रूजवेल्ट के दौर में यह नियम टूट गया। वे 1933 से 1945 चार बार राष्ट्रपति चुनकर आए।

**पुतिन 2000 से 2008 तक लगातार 2 बार रूस के राष्ट्रपति रह चुके थे। रूस के संविधान के मुताबिक वे लगातार तीसरी बार राष्ट्रपति नहीं बन सकते थे। ऐसे में उन्होंने अपने खास दिमित्री मेदवेदेव को राष्ट्रपति बना दिया था। इस दौरान पुतिन उपराष्ट्रपति के पद पर रहे थे।**



### पुतिन की स्ट्रैटजी अपना सकते हैं ट्रम्प

ट्रम्प खुद भी कई बार कह चुके हैं कि वो दो कार्यकाल के बाद भी सत्ता में बने रहना चाहते हैं। हालांकि, एक्सपर्ट्स का कहना है कि अगर ट्रम्प को तीसरा कार्यकाल नहीं मिलता तो वे सत्ता में बने रहने के लिए दूसरे तरीके अपना सकते हैं।

हैमिल्टन कॉलेज के प्रोफेसर फिलिप क्लिंकनर ने मुताबिक ट्रम्प 2028 में उपराष्ट्रपति बन सकते हैं और जेडी वेंस या किसी और को नाममात्र का राष्ट्रपति बना सकते हैं। ऐसा ही कुछ पुतिन ने रूस में किया था। इसके अलावा वो अपने परिवार के किसी सदस्य को राष्ट्रपति बना सकते हैं, ताकि पर्दे के पीछे से सरकार पर उनका कंट्रोल बना रहे।

सीनेट में ट्रम्प की रिपब्लिकन पार्टी के पास 100 में से 52 सीनेटर है। वहीं, हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव में 435 में से 220 सदस्य हैं। ये संविधान संशोधन के लिए आवश्यक दो तिहाई यानी 67% बहुमत से काफी कम है। अगर ट्रम्प ये बहुमत हासिल कर लेते हैं तब भी उनके लिए संविधान में संशोधन करना इतना आसान नहीं होगा। अमेरिकी कांग्रेस के दोनों सदनों से बिल पास होने के बाद इस संशोधन के लिए राज्यों से मंजूरी लेनी होती है।

**फास्ट न्यूज**

### बलूचिस्तान में हिंसा से टूटी अमेरिकी उम्मीदें

इस्लामाबाद । बलूचिस्तान में बढ़ती हिंसा ने अमेरिका की निवेश योजनाओं को बड़ा झटका दिया है। ट्रंप और मुनीर की मुलाकात के बाद बने आर्थिक संबंध अब कमजोर पड़ गए हैं। बीएलए के हमलों ने खनन परियोजनाओं और विदेशी निवेश को प्रभावित किया है। सुरक्षा हालात खराब होने से कंपनियां पीछे हट रही हैं। ट्रंप प्रशासन ने चीन को टक्कर देने के लिए पाकिस्तान के खनन क्षेत्र में निवेश का जोखिम उठाया था।

### जमैका दौरे पर जयशंकर का बड़ा कूटनीतिक दांव

नई दिल्ली। भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने अपने नौ दिवसीय कैरेबियाई दौरे के पहले चरण में जमैका की राजधानी किंग्स्टन में उच्चस्तरीय बैठकों का सिलसिला जारी रखते हुए द्विपक्षीय संबंधों को नई दिशा देने पर जोर दिया। विदेश मंत्री जयशंकर ने जमैका की विदेश मंत्री कामिना जॉनसन स्मिथ और कैबिनेट के वरिष्ठ मंत्रियों के साथ व्यापक वार्ता की। इस दौरान दोनों देशों के बीच शिक्षा, स्वास्थ्य, कृषि, डिजिटल सहयोग, पर्यटन, खेल, मनोरंजन, बुनियादी ढांचा और क्षमता निर्माण जैसे क्षेत्रों में साझेदारी की समीक्षा की गई।

### ईरान ने होर्मुज तनाव पर यूएस को चेताया

तेहरान । ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने होर्मुज जलडमरूमध्य में जारी तनाव पर अपनी प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने कहा कि होर्मुज की घटनाओं से यह साफ हो गया है कि किसी भी राजनीतिक संकट का सैन्य समाधान नहीं हो सकता। अराघची ने अमेरिका के 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' को 'प्रोजेक्ट डेडलॉक' (गतिरोध) करार दिया।

# बायोकॉन की कमान अब अगली पीढ़ी संभालेगी

## फाउंडर किरण मजूमदार ने भांजी क्लेयर को चुना उत्तराधिकारी

**मुंबई, एजेंसी**

बायोफार्मास्युटिकल कंपनी बायोकॉन की फाउंडर और चेयरपर्सन किरण मजूमदार शॉ ने कंपनी के लिए उत्तराधिकार योजना यानी सक्सेशन प्लान का ऐलान कर दिया है। उन्होंने अपनी भांजी क्लेयर मजूमदार को उत्तराधिकारी चुना है।

फॉर्च्यून इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा कि 37 साल की क्लेयर कंपनी के विकास के अगले फेज का नेतृत्व करने के लिए सबसे उपयुक्त व्यक्ति हैं। किरण मजूमदार शॉ ने चार दशक पहले बायोकॉन की नींव रखी थी।

उनकी अपनी कोई संतान नहीं है, इसलिए वे कंपनी को सुरक्षित हाथों में सौंपना चाहती थीं। उन्होंने बताया




कि क्लेयर ने खुद को साबित किया है कि वे एक कंपनी चला सकती हैं। क्लेयर मजूमदार फिलहाल 'बिकारा थेरेप्यूटिक्स' की फाउंडर और CEO हैं। यह कंपनी बायोकॉन द्वारा ही इंक्यूबेट की गई थी और 2024 में नैस्डैक पर लिस्ट हुई है।

बिकारा का मार्केट कैपिटलाइजेशन 1.6 बिलियन डॉलर से ज्यादा है। क्लेयर के पास एमआईटी (MIT) और स्टैनफोर्ड जैसी यूनिवर्सिटी की डिग्री है और उन्होंने कैंसर बायोलॉजी में पीएचडी की है। भविष्य की चुनौतियों से निपटने के लिए किरण मजूमदार ने एक मजबूत फैमिली इकोसिस्टम तैयार किया है। क्लेयर के भाई एरिक मजूमदार कैलटेक में प्रोफेसर और एआई एक्सपर्ट हैं। वहीं उनके पति थॉमस रॉबर्ट्स मैसाचुसेट्स जनरल हॉस्पिटल में ऑन्कोलॉजिस्ट हैं। यह टीम बायोकॉन के भविष्य के विकास में अहम भूमिका निभाएगी।

### अगले संयुक्त राष्ट्र प्रमुख के लिए महिला उम्मीदवार का चीन ने किया समर्थन

संयुक्त राष्ट्र । चीन ने संयुक्त राष्ट्र के अगले महासचिव के रूप में एक महिला के चुनाव का समर्थन किया है। इसके साथ कहा कि वैश्विक संस्था के नेतृत्व में एक महिला नेता को देखकर बहुत खुशी होगी। दरअसल, संयुक्त राष्ट्र के 80 वर्षों के इतिहास में कभी भी किसी महिला नेता ने नेतृत्व नहीं किया है। संयुक्त राष्ट्र में अगले प्रमुख के चयन की प्रक्रिया शुरू हो गई है।

संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार उच्चायुक्त मिशेल बैचलेट और संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (यूएनसीटीएडी) की महासचिव रेबेका ग्रिनस्पैन सहित दो महिलाएं विश्व के शीर्ष राजनयिक के पद के लिए दौड़ में शामिल चार उम्मीदवारों में से हैं।

संयुक्त राष्ट्र में चीन के स्थायी प्रतिनिधि राजदूत फू कोंग ने सोमवार को यहां कहा, 'हमें एक महिला महासचिव को देखकर खुशी होगी।

# चीन की पटाखा फैक्ट्री में धमाके से 21 लोगों की मौत

**नई दिल्ली, एजेंसी**

मध्य चीन के हुनान प्रांत स्थित लियुयांग शहर में सोमवार शाम एक बड़ा हादसा हो गया। जहां एक पटाखा फैक्ट्री में भीषण धमाका हुआ है। इस हादसे में कम से कम 21 लोगों की मौत हो गई और 61 अन्य घायल हो गए।

यह धमाका सोमवार शाम करीब 4:40 बजे हुनान प्रांत के लियुयांग में स्थित हुआशेंग फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरिंग एंड डिस्प्ले कंपनी' की एक वर्कशॉप में हुआ। यहां बड़े पैमाने पर पटाखों के उत्पादन के लिए जाना जाता है।

चीन के राष्ट्रपति शी चिनपिंग ने इस घटना पर संज्ञान लेते हुए राहत और बचाव कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। चिनपिंग ने लापता लोगों का पता लगाने और घायलों को तत्काल इलाज सुनिश्चित करने के लिए हर संभव प्रयास करने का आह्वान किया है। सोशल मीडिया पर साझा किए गए वीडियो फुटेज में धमाके के तुरंत बाद घटनास्थल के ऊपर से सफ़ेद धुएं का घना गुबार उठता हुआ दिखाई दिया। घटनास्थल पर पहुंचे स्थानीय अधिकारी विस्फोट के कारणों की जांच कर रहे हैं।



### राहत बचाव कार्य जारी

सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ के अनुसार, घटनास्थल पर लगभग 500 बचावकर्मी तैनात किए गए हैं। राहत बचाव कार्य जारी है। वहीं, पास में स्थित दो बारूद के गोदामों से उच्च जोखिम का हवाला देते हुए खतरनाक क्षेत्रों में रह रहे लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है।

## अमेरिका ने ईरान की 6 नावों को उड़ाने का किया दावा, आईआरजीसी ने बताया झूठा

# होर्मुज में संघर्ष

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिकी सेना ने ईरान की छह छोटी नावों को नष्ट करने का दावा किया है। इसके साथ ही ईरानी क्रूज मिसाइलों और ड्रोन को रोकने की बात भी कही है। जानकारी के अनुसार, तेहरान होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते शिपिंग शुरू करने के अमेरिकी नौसैनिक प्रयास को रोकने की कोशिश कर रहा था।

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोमवार को 'प्रोजेक्ट फ्रीडम' नाम से यह ऑपरेशन शुरू किया। इसके जरिए वे इस अहम जलमार्ग का नियंत्रण ईरान से वापस लेना चाहते है। मालूम हो कि, ईरान ने 28 फरवरी को अमेरिका और इजरायल के बीच संघर्ष शुरू होने के बाद होर्मुज जलडमरूमध्य को लगभग बंद ही कर दिया था। कूपर ने आगे कहा, IRGC ने उन जहाजों पर कई क्रूज मिसाइलें, ड्रोन और छोटी नावें दागी हैं जिनकी हम सुरक्षा कर रहे हैं। हमने रक्षात्मक हथियारों के सटीक इस्तेमाल से उन सभी खतरों को नाकाम कर दिया है।₹ कूपर ने कहा कि उन्होंने ईरानी सेनाओं को सख्ती से सलाह दी है कि, वे अमेरिकी सैन्य संपत्तियों से काफी दूर रहें, क्योंकि वाशिंगटन यह ऑपरेशन शुरू कर रहा है।

इस बीच सोमवार को होर्मुज जलडमरूमध्य में एक दक्षिण कोरियाई जहाज में धमाका हुआ, लेकिन ट्रंप ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में टिप्पणी की कि, वह दक्षिण कोरियाई जहाज इस ऑपरेशन का हिस्सा नहीं था, और शायद उसे ईरान के पास जहाजों की आवाजाही की सुरक्षा के अमेरिकी प्रयासों में शामिल हो जाना चाहिए। ट्रंप का अनुमान था कि अमेरिका ने ईरान की सात तेज नावों को डुबो दिया है। होर्मुज जलडमरूमध्य को खोलने के अमेरिकी ऑपरेशन में कई कदम शामिल थे, जिसमें सबसे पहले ईरानी बारूदी सुरंगों से रास्ता साफ करना शामिल था। इसके बाद, अमेरिका ने सोमवार को ही इस जलडमरूमध्य से अमेरिका का झंडा लगे दो वाणिज्यिक जहाजों को गुजारकर इस रास्ते की सुरक्षा साबित कर दी।

### संघर्ष-विराम को लेकर कुछ भी कहने से किया इनकार

हालांकि, 8 अप्रैल को शुरू हुआ संघर्ष-विराम अभी भी लागू है या नहीं, इसको लेकर सेंट्रल कमांड के प्रमुख, अमेरिकी एडमिरल ब्रैड कूपर ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। यह हमला तब हुआ जब ईरान ने इस क्षेत्र में, जिसमें सोमवार को UAE पर ड्रोन और मिसाइल हमले भी शामिल थे, आक्रामक रुख अपनाया है।



> **वहीं, दूसरी और ईरान के रिवोल्यूशनरी गार्ड्स ने कहा कि पिछले कुछ घंटों में कोई भी वाणिज्यिक जहाज इस जलडमरूमध्य से नहीं गुजरा है, और इसके विपरीत अमेरिका के दावे झूठे हैं। ईरानी सरकारी मीडिया ने भी उन रिपोर्टों का खंडन किया जिनमें कहा गया था कि अमेरिका ने ईरान के जहाजों को डुबो दिया है।**

### प्रोजेक्ट फ्रीडम ऑपरेशन में 15,000 अमेरिकी सैनिक शामिल

उन्होंने बताया कि इस ऑपरेशन में 15,000 अमेरिकी सैनिक, अमेरिकी नौसेना के विध्वंसक जहाज, 100 से ज्यादा जमीन और समुद्र-आधारित विमान और पानी के नीचे की संपत्तियां शामिल हैं। उन्होंने कहा, जो अमेरिकी कमांडर मौके पर मौजूद हैं, उनके पास अपनी टुकड़ियों और वाणिज्यिक जहाजों की सुरक्षा के लिए जरूरी सभी अधिकार हैं।

## खार्तूम एयरपोर्ट पर ड्रोन हमला सूडान ने लगाया आरोप

**काहिरा, एजेंसी**



विदेशी हस्तक्षेप और आधुनिक ड्रोन तकनीक ने सूडान के गृहयुद्ध को और अधिक विनाशकारी बना दिया है। इथियोपिया और यूएई पर लगे इन आरोपों ने न केवल सूडान की आंतरिक सुरक्षा बल्कि पूरे अफ्रीकी क्षेत्र की कूटनीतिक स्थिरता को दांव पर लगा दिया है।

सूडानी सेना के प्रवक्ता ने बताया कि सरकार के पास इसके पुख्ता सबूत हैं। उन्होंने दावा किया कि एक मार्च के बाद से हुए चार ड्रोन हमले इथियोपिया के बहिर डार एयरपोर्ट से संचालित किए गए थे। सूडान ने संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) पर इन हमलों के लिए ड्रोन आपूर्ति करने का भी संगीन आरोप लगाया है। समाचार एजेंसी एपी की रिपोर्ट के मुताबिक, सूडानी सेना और अर्धसैनिक समूह रैपिड सपोर्ट फोर्सेज के बीच अप्रैल 2023 से युद्ध जारी है। अब यह संघर्ष पूरी तरह ड्रोन युद्ध में तब्दील हो चुका है। सेना के प्रवक्ता ब्रिगेडियर जनरल आसिम अवद अब्देल वहाब ने डाटा साझा किया। उन्होंने बताया कि 17 मार्च को कोरडोफान राज्य के अल-ओबेद की ओर बढ़ रहे एक ड्रोन का विश्लेषण किया गया। जांच में पाया गया कि यह ड्रोन संयुक्त अरब अमीरात का था और इसने इथियोपियाई क्षेत्र से उड़ान भरी थी। सूडान के विदेश मंत्री मोही अल-दीन सालेम ने सख्त लहजे में कहा, 'हम किसी भी देश के खिलाफ आक्रामकता की पहल नहीं करना चाहते हैं, लेकिन जो कोई भी हम पर हमला करेगा उसे करारा जवाब दिया जाएगा।' ताजा हमला सोमवार को राजधानी खार्तूम के हवाई अड्डे पर हुआ। इससे पहले के हमले कोरडोफान, ब्लू नाइल और व्हाइट नाइल राज्यों में किए गए थे।

## झड़प : हथियारबंद संदिग्ध से निपटने के लिए वर्दीधारी अधिकारियों को बुलाया गया

# व्हाइट हाउस के बाहर हमलावर और सुरक्षाबलों में हुई मुठभेड़

**नई दिल्ली, एजेंसी**

अमेरिका की राजधानी वॉशिंगटन में मंगलवार दोपहर नेशनल मॉल के पास एक हथियारबंद संदिग्ध और सीक्रेट सर्विस के बीच हुई हिंसक झड़प के बाद व्हाइट हाउस को कुछ समय के लिए 'लॉकडाउन' पर रखा गया। हथियारबंद संदिग्ध द्वारा सुरक्षाकर्मियों पर फायरिंग किए जाने के बाद जवाबी कार्रवाई में उसे गोली मार दी गई, जबकि क्रॉसफायर की चपेट में आने से एक किशोर राहगीर भी घायल हो गया।

दरअसल, यह घटना दोपहर करीब 3:30 बजे हुई, जब व्हाइट हाउस परिसर की बाहरी सीमा पर



गश्त कर रहे सादे कपड़ों में मौजूद सीक्रेट सर्विस के कर्मियों ने एक संदिग्ध व्यक्ति की पहचान की, जिसके पास हथियार होने का अंदेशा था। डिप्टी डायरेक्टर मैट क्विन ने बताया कि हथियारबंद संदिग्ध से निपटने के लिए वर्दीधारी अधिकारियों को बुलाया गया। इस दौरान संदिग्ध कुछ दूर पैदल भागा और हथियार निकाला और हमारे एजेंटों और अधिकारियों की ओर गोली चला दी।

इस दौरान सुरक्षाकर्मयों ने जवाबी गोलीबारी की और उससे भिड़ गए। उस व्यक्ति को गोली लगी। संदिग्ध को अस्पताल ले जाया गया, हालांकि अधिकारियों ने कहा कि उसकी हालत पर उनकी कोई टिप्पणी नहीं है। इस गोलीबारी के दौरान एक राहगीर को भी गोली लगी है। अधिकारियों के अनुसार, राहगीर को संदिग्ध ने ही गोली मारी थी।

यह गोलीबारी व्हाइट हाउस से कुछ ही दूरी पर स्थित 15वीं स्ट्रीट और इंडिपेंडेंस एवेन्यू के पास हुई। सीक्रेट सर्विस के एजेंटों ने बताया कि संदिग्ध कुछ समय से उनकी निगरानी में था, गोलीबारी के बाद, सीक्रेट सर्विस ने व्हाइट हाउस के नॉर्थ लॉन पर मौजूद पत्रकारों को अंदर जाने का आदेश दिया।

**अमेरिका का राष्ट्रपति आवास किले में तब्दील**

**यह घटना उस समय हुई जब उपराष्ट्रपति जेडी वेंस का काफिला पास के इलाके से गुजरा था, हालांकि अधिकारियों ने राष्ट्रपति या उपराष्ट्रपति को सीधे तौर पर निशाना बनाए जाने की पुष्टि नहीं की है।**

**सीक्रेट सर्विस ने पुष्टि की कि घटनास्थल से एक हथियार बरामद किया गया है और कहा कि मेट्रोपॉलिटन पुलिस विभाग बल प्रयोग की घटना की जांच का नेतृत्व करेगा।**

### लगाना पड़ा लॉकडाउन


इस दौरान कुछ ही मिनटों में लॉकडाउन हटा लिया गया, और राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईस्ट रूम के अंदर पहले से निर्धारित एक छोटे व्यवसाय से जुड़े कार्यक्रम को जारी रखा। ट्रंप ने सीधे तौर पर इस गोलीबारी का जिक्र नहीं किया, लेकिन उन्होंने अपनी टिप्पणी का इस्तेमाल राजधानी में सुरक्षा व्यवस्था को उजागर करने के लिए किया।

## पाकिस्तान की अर्थव्यवस्था पर अमेरिका-ईरान युद्ध का गहरा असर

**लंदन, एजेंसी**

अमेरिका-ईरान तनाव से तेल कीमतों में उछाल आया, जिससे पाकिस्तान का आयात बिल तेजी से बढ़ा। महंगाई, मुद्रा गिरावट, घटते विदेशी भंडार और होर्मुज पर निर्भरता ने ऊर्जा संकट को गहरा कर अर्थव्यवस्था पर गंभीर दबाव बढ़ा दिया है।

पाकिस्तान का साप्ताहिक पेट्रोलियम आयात बिल 30 करोड़ डॉलर से बढ़कर 80 करोड़ डॉलर हो गया है, जो 167 फीसदी की वृद्धि है। बेंचमार्क ब्रेंट क्रूड 112 डॉलर प्रति बैरल से ऊपर निकल गया है। होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से माल ढुलाई लागत और बीमा प्रीमियम रिकॉर्ड ऊंचाई पर पहुंच गए हैं। यह ऊर्जा झटका पाकिस्तान की वृहद अर्थव्यवस्था में फैल रहा है, जिससे बढ़ती महंगाई, चालू खाता घाटा, विदेशी मुद्रा भंडार में कमी और मुद्रा का अवमूल्यन हो रहा है। कराची बंदरगाह पर भी लॉजिस्टिक्स संकट बढ़ रहा है। अप्रैल 2026 में,



प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सार्वजनिक रूप से पुष्टि की थी कि पाकिस्तान का साप्ताहिक पेट्रोलियम आयात बिल 30 करोड़ डॉलर से बढ़कर 80 करोड़ डॉलर हो गया है। यह 167 फीसदी की वृद्धि है। इससे सालाना करीब 26 अरब डॉलर का अतिरिक्त बोझ पड़ेगा। यह आंकड़ा पाकिस्तान के वित्त वर्ष 2024-25 के कुल व्यापारिक निर्यात राजस्व 29.8 अरब डॉलर के लगभग बराबर है। देश एक ही वस्तु श्रेणी में अपने पूरे निर्यात क्षेत्र के बराबर आयात देयता उत्पन्न कर रहा है, वह भी गंभीर भंडार संकट के समय। लेख में कहा गया है, ₹पाकिस्तान का वार्षिक तेल बोझ अब उसकी कुल निर्यात आय के करीब पहुंच गया है।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

**सम्पादक : विद्यादेवी**

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

**समाचार पत्र में प्रकािशत लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं हैं। मो0- 9415799533**
**R.N.I. NO. 64107/96**